आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 17 अंक 8 - • जबलपुर • मंगलवार, 7 फरवरी, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • फाल्गुन कृष्ण पक्ष 2 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## हल्द्वानी के 4 हजार घर और मंदिर-मस्जिद फिलहाल नहीं टूटेंगे

**नई दिल्ली एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में हल्द्वानी में रेल प्रशासन के दावे वाली जमीन सेकब्जाधारियों को हटाने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की। उत्तराखंड सरकार और रेलवे ने स्ष्ट से मामले का समाधान खोजने के लिए समय मांगा, जिसके बाद कोर्ट ने कहा कि हल्द्वानी के अतिक्रमण 8 हफ्ते तक नहीं हटाए जाएंगे। मामले में अगली सुनवाई 2 मई को होगी।



## परोल पर बाहर आकर राम रहीम ने रिलीज किया एल्बम

### गाना सोशल मीडिया पर वायरल

**नई दिल्ली एजेंसी।** रेप के मामले में जेल काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम फिर से परोल पर फिर से बाहर आ गए हैं। जेल से बाहर आकर उन्होंने अपना नया एल्बम च्देश की जवानीज रिलीज किया है। बता दें कि डेरा प्रमुख पर दो साध्वियों से रेप का आरोप था। सोशल मीडिया पर उनका गाना भी काफी वायरल हो रहा है। यह अक्टूबर में ही रिलीज हुआ था। यूट्यूब पर इस गाने को 70 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। डेरा प्रमुख को 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। वह रोहतक की सुनारिया जेल में थे। 21 जनवरी को उन्हें 40 दिन की परोल दी गई है। बता दें कि गुरमीत राम रहीम का जो गाना वायरल हो रहा है उसके संगीतकार, लेखक और गायक रहीम ही हैं। सजा होने के बाद राम रहीम अपनी छवि चमकाने की कोशिश में लगे हैं। इस तरह के कामों को जरिए खुद को देशभक्त दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। राम रहीम की मुंहबोली बेटी हनीप्रीत ने भी सोशल मीडिया पर इस लॉन्च की जानकारी दी। गुरमीत राम रहीम के नए एल्बम में डेरा के वॉलंटियर भी दिखाई दे रहे हैं। एल्बम में देखा जा सकता है कि राम रहीम अपनी पुरानी स्टाइल में गाड़ी पर एंट्री लेते हैं। इस एल्बम का थीम नशे पर रखा गया है। गाने के जरिए नशा छोड़ने की अपील करते नजर आते हैं।

# तुर्किये-सीरिया में 4300 से ज्यादा मौतें

## हजारों अभी भी मलबे में दबे

**नई दिल्ली एजेंसी।** तुर्किये और सीरिया में मंगलवार को फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। एक दिन पहले आए 3 बड़े झटकों के बाद दोनों देशों के कई शहर तबाह हो गए हैं। 24 घंटे बाद भी यहां लाशें मिलने का सिलसिला जारी है। अभी भी बड़ी-बड़ी बिल्डिंग्स के कई टन मलबे के नीचे जिंदगियां तलाशी जा रही हैं। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं, जो मिल रहे हैं, उनकी हालात देख रेस्क्यू टीम के हाथ कांप रहे हैं। किसी के जिंदा होने की खबर मिलते ही उसे बचाने को कोशिशें और बैचेनी बढ़ जाती है।

तुर्किये के सानलिउर्फा प्रांत में ऐसा ही वाक्य देखने को मिला, जब एक महिला को 22 घंटे बाद जिंदा बाहर निकाला गया। रेस्क्यू टीम को ये महिला बेहोश हालात में मिली। उधर सीरिया के अलेप्पो में भी लोगों को बिल्डिंग्स की छतें काटकर निकाला जा रहा है। ऐसा मंजर दोनों देशों के कई शहरों में है।तुर्किये और सीरिया में ये तबाही 3 बड़े भूकंपों के बाद आई। पहला तुर्किये के वक्त के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब चार बजे (7.8), दूसरा करीब 10 बजे (7.6) और तीसरा दोपहर 3 बजे (6.0) आया। इसके अलावा 243 आफ्टर शॉक्स दर्ज किए गए। इनकी तीव्रता 4 से 5 रही। दोनों देशों में 4,300 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। तुर्किये में 2,921 लोगों की जान जा चुकी है और 15 हजार से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं, सीरिया में 1,444 लोग मारे गए और 2 हजार से ज्यादा जख्मी हैं।



### तुर्किये के 10 प्रांतों में तबाही, तो सीरिया का अलेप्पो शहर तबाह

तुर्किये के 10 से ज्यादा प्रांतों में भारी तबाही हुई है। यहां 6,217 से ज्यादा इमारतें धराशायी हो गई हैं। सीरिया में भी भूकंप की वजह से ऐसे ही हालात हैं। यहां भूकंप प्रभावित कई इलाके बशर अल असाद की सरकार और विद्रोहियों के कब्जे में हैं, जिसकी वजह तबाही का सटीक आंकड़ा मिलना मुश्किल हो रहा है।




## भारत को मिलने वाला S-400 मिसाइल का तीसरा रेजीमेंट

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत को रूस स्-400 मिसाइल सिस्टम का तीसरा रेजीमेंट देने जा रहा है. एक रेजीमेंट में आठ लॉन्चर होते हैं. यानी आठ लॉन्चिंग ट्रक. हर ट्रक में चार लॉन्चर लगे होते हैं. यानी उनमें चार मिसाइलें निकलती हैं. कुल मिलाकर एक रेजीमेंट में 32 मिसाइलें होती हैं. यानी एक रेजीमेंट किसी भी समय 32 मिसाइलें दाग सकता है. भारत के पास ऐसे तीन रेजीमेंट होने के बाद देश की राजधानी दिल्ली और सीमाओं की सुरक्षा मजबूत हो जाएगी।इस मिसाइल सिस्टम के लेकर पिछले साल अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने कहा था कि भारत स्-400 मिसाइल सिस्टम का इस्तेमाल चीन और पाकिस्तान के खिलाफ कर सकता है, अगर इन दोनों देशों ने किसी भी तरह की हरकत की. अमेरिकी डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल स्कॉट बेरियर ने कहा था कि भारत को दिसंबर 2021 से रूस ने स्-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम देना शुरु किया था. स्कॉट ने बताया कि भारत ने इन मिसाइलों को पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर जून 2022 से तैनात करना शुरू कर चुका है. चीन के साथ लगातार सीमा को लेकर संघर्ष की स्थिति बनती रहती है. पाकिस्तान भी मौके की तलाश में रहता है।

# विक्टोरिया को जज बनाने के खिलाफ दायर अर्जी खारिज

## SC जज बोले- मेरा भी पॉलिटिकल बैकग्राउंड था





**नई दिल्ली एजेंसी।** भाजपा की नेता रहीं एल. विक्टोरिया गौरी को मद्रास हाई कोर्ट की अडिशनल जज बनाए जाने के खिलाफ दायर अर्जी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि हम कॉलेजियम को यह आदेश नहीं दे सकते कि वह विक्टोरिया गौरी को लेकर अपनी सिफारिश पर दोबारा विचार करे। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई ने कहा, च अदालत में जज बनने से पहले मेरा भी राजनीतिक बैकग्राउंड रहा है। मैं 20 सालों से जज हूं और मेरा राजनीतिक बैकग्राउंड मेरे रास्ते में कभी आड़े नहीं आया।ज एक तरफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी तो वहीं दूसरी तरफ उसी समय एल. विक्टोरिया गौरी ने जज के तौर पर शपथ ले ली। जस्टिस संजीव खन्ना और बीआर गवई की बेंच ने कहा कि यह नहीं माना जा सकता कि कॉलेजियम को विक्टोरिया गौरी के राजनीतिक बैकग्राउंड या फिर उनके विवादित बयानों के बारे में जानकारी नहीं रही होगी। बेंच ने कहा कि गौरी को सिर्फ अडिशनल जज के तौर पर नियुक्ति दी गई है। ऐसे भी मामले हैं, जब अडिशनल जज के कामकाज के आधार पर उसे स्थायी नियुक्ति नहीं दी गई। मद्रास हाई कोर्ट के वकीलों की ओर से दो याचिकाएं दायर की गई थीं, जिसमें गौरी को हाई कोर्ट का जज बनाए जाने पर सवाल उठाया गया था। इन याचिकाओं में कहा गया था कि गौरी भाजपा से जुड़ी रही हैं। इसलिए उन्हें जज बनाने का फैसला गलत है और इससे न्यायपालिका की स्वायत्ता एवं स्वतंत्रता प्रभावित होती है। गौरी पर आरोप लगाए गए थे कि उन्होंने धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले बयान भी दिए थे।



### दिल्ली में मेयर चुनाव को लेकर बीजेपी-आप का प्रदर्शन, तीन बार टल चुका है चुनाव

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली में मेयर चुनाव को लेकर घमासान जारी है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी (ꤎक्क) और भाजपा ने एक दूसरे के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। सोमवार को तीसरी बार भी मेयर का चुनाव नहीं हो सका था। 10 नॉमिनेटेड मेंबर्स को वोट की मंजूरी मिलने के बाद भाजपा और ꤎक्क के मेंबर्स ने हंगामा शुरू कर दिया था। इसके बाद स्ष्टष्ठ सदन की कार्यवाही स्थगित करना पड़ा था। हालांकि इससे पहले 6 और 24 जनवरी को भी चुनाव नहीं हो पाया था।

## बच्ची के होंठ पर 100 रुपये का नोट फेरा

### कोर्ट ने माना- यौन उत्पीड़न, सुनाई सजा

**मुंबई एजेंसी।** एक नाबालिग लड़की के होंठ पर 100 रुपये का नोट फेरते हुए 32 वर्षीय शख्स ने यह कहते हुए तंज कसा कि तुम इतना भाव क्यों खा रही हो? कोर्ट ने आरोपी की इस हरकत को शील भंग और यौन उत्पीड़न करने के समान माना है। इसलिए आरोपी को दोषी ठहराते हुए एक साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इस बात का भी ध्यान रखा कि लड़की का परिवार उस पर निर्भर था, क्योंकि उसकी मां कैंसर की मरीज थी। घटना साल 2017 को मुंबई में हुई थी।मुंबई की विशेष अदालत के न्यायाधीश एस सी जाधव ने दोषी को सजा सुनाते हुए कहा, च्च...यह अदालत का कर्तव्य है कि वह अपराध की गंभीरता के आधार पर उचित सजा दे।ज्ज इस मामले में सरकारी वकील वीना शेलार की तरफ से दोषी को सजा दिलाने के लिए कई गवाह पेश किये गए। जिसमें लड़की, उसकी मां और पड़ोसी शामिल थे।मामला जुलाई 2017 का है। आरोपी मुंबई पुलिस ने 14 जुलाई 2017 को गिरफ्तार किया था। अप्रैल 2018 में जमानत मिलने के बाद उसे एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया था। 16 वर्षीय लड़की ने अदालत को बताया कि 13 जुलाई 2017 को रात 8 बजे वह अपने पड़ोसी के साथ बाजार गई थी। उसने कहा कि आरोपी ने उसका पीछा किया। आरोपी उसके दाहिनी ओर से आया और उसके होठों पर 100 रुपये का नोट फेर दिया।

### महाराष्ट्र कांग्रेस में संकट!

## बालासाहेब थोराट का इस्तीफा नाना पटोले पर उठाए थे सवाल



मुंबई एजेंसी। महाराष्ट्र कांग्रेस में दरार बढ़ती नजर आ रही है। खबर है कि वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। एक दिन पहले ही उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर सवाल उठाए थे। कहा जा रहा है कि नासिक से सत्यजीत तांबे के निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा भरने और चुनाव जीतने के बाद प्रदेश कांग्रेस में तनातनी तेज हो गई है।हाल ही में पार्टी के वरिष्ठ नेता थोराट ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को पत्र लिखा था। उन्होंने पत्र में मौजूदा प्रदेश प्रमुख पटोले के साथ काम करने में असमर्थता जताई थी। हालांकि, पुणे में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पटोले ऐसे किसी पत्र से इनकार करते रहे। उन्होंने कहा कि इसबारे में जानकारी नहीं है। खबर है कि थोराट ने पत्र में नजरअंदाज किए जाने का भी जिक्र किया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उन्होंने जानकारी दी है कि राज्य में होने वाले फैसलों के बारे में उन्हें जानकारी नहीं दी जाती है।



## उज्जैन में ऑटो चालक को 3 पुलिस कर्मियों ने पीटा, तीनों निलंबित

भोपाल यशभारत। उज्जैन में सोमवार को अवंतिका होटल में यात्री लेने को लेकर एक विवाद सामने आया। इसमें पहले होटल कर्मचारियों ने एक ऑटो चालक को जमकर पीटा। उसके बाद पुलिस को बुला लिया। 3 पुलिसकर्मियों ने भी ऑटो चालक को लाठी से पीटा। वहां मौजूद कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया। मामले में स्क्कनिवेदिता गुप्ता ने तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया।

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कार ने युवक को 11 किलोमीटर घसीटा

## शरीर के दो टुकड़े हुए

**मथुरा एजेंसी। दिल्ली के कंझावला जैसा मथुरा में हादसा हुआ है। यमुना एक्सप्रेस-वे पर कार ने युवक के शव को कई किलोमीटर तक घसीटा। मांट टोल प्लाजा पर कार रुकी, तब सिक्योरिटी गार्ड की नजर पड़ी और फिर शव को गाड़ी के नीचे से बाहर निकाला।**



शरीर के दो टुकड़े हो गए। गाड़ी में फंसे शव के लोथड़े निकाले गए। शव की हालत देखकर लोगों का कहना है कि करीब 10-12 किमी घसीटा गया है। कार आगरा से नोएडा की तरफ जा रही थी। दिल्ली निवासी वीरेंद्र कार चला रहा था। उसे हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है।

### तड़के तीन बजे टोल प्लाजा पर पहुंची कार

शव करीब 30 वर्षीय युवक का है। अभी उसकी शिनाख्त नहीं हुई है। कार स्विफ्ट है, जिसका नंबर ष्ठरु12 ष्टझ्2125 है। मंगलवार तड़के 3 बजे कार मांट टोल प्लाजा पर पहुंची थी। कार में 2 महिला और 2 पुरुष सवार थे। वे लोग दिल्ली के तिगड़ी थाना क्षेत्र के संगम विहार के रहने वाले हैं। परिवार के साथ आगरा में शादी कार्यक्रम से लौट रहे थे। टोल कटाने के लिए जब गाड़ी रुकी तो सुरक्षा कर्मियों को गाड़ी के पीछे से सड़क पर बहते खून के निशान दिखे। गाड़ी के पीछे जाकर देखा तो एक युवक का शव बुरी तरह फंसा था। इसके बाद कार को रोक लिया गया। पुलिस को सूचना दी गई। फिर पुलिस की मौजूदगी में शव को निकाला गया।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग



# महापौर ने सीएम से जबलपुर विकास के लिए मांगे 400 करोड़

## प्रदेश स्तरीय सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में शामिल हुए महापौर





**जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में आयोजित हुई जिसमें जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल हुए और शहर की सुगम यातायात व्यवस्था के लिए बैठक में महात्वपूर्ण सुझाव दिये। महापौर ने बैठक के दौरान मॉग की कि शहर में संचालित आई.टी.एम.एस. सिस्टम को अपग्रेड किया जाए जिसमें स्पीड डिटेक्शन, हेलमेट डिटेक्शन, एवं सीट बेल्ट डिटेक्शन की अनिवार्यता हो। उन्होंने वर्तमान में 12 जगहों पर आई.टी.एम.एस. सिस्टम लगे है इसकी संख्या बढ़ाकर 20 से अधिक चौराहों में लगाया जाए।**

### जबलपुर के सभी चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल स्थापित किए जाए

महापौर ने यह भी मॉग की कि जबलपुर के सभी चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल स्थापित किए जाएं जिससे की शहर में सड़क दुर्घटना कम हो और यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे। उन्होंने कहा कि पहले जबलपुर शहर में सफेद वर्दी पहने ट्राफिक आमला रहता था जिसकी आज कमी है इस हेतु जबलपुर शहर में ट्रैफिक अमले की भर्ती भी की जाए। उन्होंने शहर में मल्टी लेवल पार्किंग एवं ऑफ स्ट्रीट पार्किंग की संख्या बढ़ाई जाने, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को लगाया जाए जिससे ट्रैफिक अवेयरनेस में आसानी हो। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक अभियान में नगर निगम को भी जिम्मेदारी दी जाए, नगर निगम इस जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है।

### नगर निगम ट्रैफिक अवेयरनेस कैंपेन चलाएगा

महापौर ने कहा कि नगर पालिक निगम विभिन्न स्कूलों संस्थाओं में जाकर ट्रैफिक अवेयरनेस कैंपेन चलाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण आवारा पशु भी है, महापौर ने ट्रिपल पी मॉडल पर आवारा पशु संरक्षण का प्रस्ताव भी दिया, जिससे ट्रिपल पी मॉडल पर आवारा पशुओं संरक्षण किया जाएगा एवं गोमूत्र गोबर आदि से जो इनकम होगी इससे इस योजना का संचालन किया जाएगा।

### जबलपुर में मेट्रो ट्रेन चलाने की मांग

महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बैठक के बाद ज्ञापन सौंपते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से जबलपुर में मेट्रो ट्रेन चलाने की मॉग करते हुए जबलपुर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने, नर्मदा रिवर फ्रंट सहित 4000 करोड़ रूपये की मॉग की। महापौर द्वारा मुख्यमंत्री से यह भी मॉग की कि शहर में अरबों रूपये के काम निर्माणाधीन हैं पैसों के आभाव में पूरे नहीं हो रहे हैं, उसके लिए भी अतिरिक्त राशि की मॉग करते हुए महापौर ने शहर विकास को गति प्रदान करने नए आयुक्त के शीघ्र पदस्थापना करने की भी मॉग की। महापौर द्वारा शहर के बिल्डरों एवं कॉलोनाईजरों की मॉग पर कॉलोनी अनुमति के लिए लगने वाली आश्रय शुल्क की राशि में भी छूट प्रदान करने की मॉग करते हुए आश्रय शुल्क के नियमों में बदलाव लाने की मॉग की जिससे कि शहर में रूके सभी बड़े निर्माण कार्यो को पुनः शुरू कराया जा सके। उन्होंने शहर विकास को लेकर चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि भी पूरी नगर निगम को प्रदान करने की मॉग की। महापौर द्वारा एक और मॉग की जिसमें संस्कारधानी के दिव्यांग दिलीप पटैल की जिंदगी में खुशहाली आयेगी, उसके लिए महापौर ने मुख्यमंत्री से वर्क फ्रोम होम सिस्टम की नौकरी देने की मॉग की क्योंकि दिव्यांग दिलीप पटैल सिर्फ मोबाइल टच स्क्रीन के माध्यम से ही कार्य करने के लिए सक्षम हैं।

# बच्चों को जागरूक करने स्कूली शिक्षकों को दिया गया उमंग का प्रशिक्षण







## स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की पहल से बच्चों को मिलेगी कई जानकारियां

**जबलपुर, यशभारत।** स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से उमंग एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षको का चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन गत दिनों सफलतम आयोजित हुआ। उक्त उमंग प्रशिक्षण में कक्षा 9 से 12 तक विद्यालयों के शिक्षको को स्कूल हेल्थ और वेलनेस एंबेसडर ( आरोग्य दूत ) के रूप में नामांकित कर प्रत्येक स्कूल से दो शिक्षक एक महिला एक पुरुष को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय अरिहंत पैलेस सभागार में आयोजित हुआ। उक्त प्रशिक्षण का मुख्य उदेश्य है कि जिले के किशोर किशोरियों को स्वास्थ्य शिक्षा माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, साइबर क्राइम, जीवन कौशल वृद्धि आदि विषय पर जागस किया जा सके एवं उनमें एक समाज विकसित हो प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय संचालक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग वा संजय मिश्रा सर द्वारा शालेय स्वास्थ्य अंतर्गत जागरूकता की आवश्यकता पर जोर देते हुये प्रशिक्षण के मूल उददेश्य को मैदानी क्षेत्र तक प्रभावी बनाया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सर द्वारा शालेय स्वास्थ्य गतिविधी को और अधिक बेहतर किये जाने नवाचार आदि के प्रयासों को सराहनीय कहर जिला एवं स नियंत्रण अधिकारी को धीरज ने द्वारा क्षय उन्मूलन विषय को अंतर्विभागीय समन्वय हेतु अपील की जिला कार्य प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्री विजय पाण्डेय जी द्वारा विभागीय प्रचलित समस्त कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम के दौरान समस्त प्रशिक्षकगण एनएफपीए राज्य अधिकारी सुनील थामस साल लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग डॉ संजय मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एडीसीपी अजय दुबे जिला क्षय एवं एड्स नियंत्रण अधिकारी धीरज दवडे, जिला टीकाकरण अधिकारी डा. एस.एस. दाहिमा [जिला कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन विजय पाण्डेय उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका एवं राज्य स्तरीय प्रशिक्षक प्रतिभा दुबे एवं आभार प्रदर्शन जिला कार्यक्रम समन्वयक सुनील शर्मा द्वारा किया गया।

# परिजनों को बिना बताए अमरावती एक्सप्रेस से जबलपुर पहुंची नाबालिग

## आरपीएफ ने बच्ची को परिजनों को सुपुर्द किया



**जबलपुर यशभारत।** रेलवे सुरक्षा बल जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान भी रखते हैं। पश्चिम मध्य रेलवे, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु चौबीस घंटे सतत् ड्यूटी की जा रही है। इसी श्रृंखला में रेल सुरक्षा बल ( आरपीएफ ) ने सराहनीय कार्य करते हुए ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के तहत घर से भागे हुए, अपहृत हुए, बिछुड़े हुए बालक एवं बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनों/चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया जता है। जबलपुर स्टेशन में गस्त के दौरान वेटिंग हाल 6 में एक बालिका डरी सहमी संदिग्ध हालत मे बैठी दिखाई दी जिससे पूछताछ करने पर संतोषजनक जबाब नही दिया। बालिका को आरपीएफ पोस्ट लेकर आये और चाइल्ड लाइन के सदस्यों मुकेश मरावी एंव वाइलेट लुईस को सूचना देकर पोस्ट पर बुलाया गया तथा गवाहों के समक्ष चाइल्ड लाइन के पूछताछ करने पर नाम व पता बताया तथा निजी कारणों की वजह से घर से बिना बताये अमरावती एक्सप्रेस का जनरल टिकट क्रं यूएफएन-75191547 लेकर नागपुर से जबलपुर आ गयी। बालिका के बताये गये मोबाईल नंबर पर घर पर बडे भाई एवं साथ ही महाराष्ट्र पुलिस भाबी खोमवती, एन. ढोके की मदद से संपर्क करने पर जानकारी मिली की मेरे परिवार की चचेरी बहन जो कि रात से ही घर नही आई है जिसकी गुमशादा की एफआईआर रिपोर्ट भी थाना देवली, महाराष्ट्र में दर्ज है। उसके बाद उक्त बालिका को सुरक्षित किया गया। परिजनों के जबलपुर आरपीएफ पोस्ट पहुचने पर बालिका के परिजनो को चाइल्ड लाइन टीम जबलपुर के सदस्यो के समक्ष पाक साफ हालत में सुपुर्द किया गया।रेल सुरक्षा बल के सदस्यों द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है।

# पमरे महाप्रबंधक ने विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का लिया जायजा



**जबलपुर यशभारत।** महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा जबलपुर से मानिकपुर रेल खंड के विभिन्न स्टेशनो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखण्ड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, ओएचई लाइन, सिग्नल प्रणाली एवं समपार फाटकों की विस्तृत जानकारी के साथ सघन निरीक्षण किया। इस रेलखण्ड पर स्थित समपार फाटकों एवं ट्रैक पर कार्य करने वाले गैंगमैन/ट्रैकमैन की सुरक्षा एवं सरंक्षा के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जबलपुर से चलकर कटनी स्टेशन पहुंचकर स्टेशन की साफ सफाई एवं यात्री सुविधाओं कर निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक ने कटनी से मानिकपुर रेलखण्ड परख इंस्पेक्शन कार से निरीक्षण प्रारंभ किया। कटनी के उपरांत श्री गुप्ता ने पटवारा में उतरकर रेल ट्रेक को देखा तथा ट्रैक मेंटेनरो से ट्रेक की सुरक्षा तथा पॉइंट एंड क्रासिंग पर वार्तालाप की। महाप्रबंधक को अपने बीच पाकर ट्रेक के प्रहरी बहुत प्रसन्न हुए। मैहर स्टेशनपहुँचकर वहा निरीक्षण के दौरान स्टेशन के सभी प्रकार के रजिस्टरों व ट्रैन शंटिंग करने में लगने वाले स्टूमेंट, स्टेशन पैनल एवं रिले रूम, वातानुकूलित यात्री प्रतिक्षालय, आरक्षण एवं टिकट घर का निरीक्षण किया और संतुष्टि व्यक्त की। मैहर में एसएसपी कक्ष ( टीआरडी ) का भी निरीक्षण किया। मैहर स्टेशन के बाद श्री गुप्ता ने सतना एवं जैतवार स्टेशन पहुंचे तथा निरीक्षण के दौरान लोगों से चर्चा की। जैतवार के उपरांत उन्होने बांसापहाड़ स्टेशन तक विंडो इंस्पेक्शन किया तथा वापसी में सैमुअल ब्रिज के साथ-साथ गैंग यूनिट के कार्य के साथ ट्रैकमेंटेनरो के सामानों एवं संरक्षा से संबंधित निरीक्षण किया।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन, वरिष्ठ मंडल अभियंता जी. पी. सिंह, सीनियर डीई ( टीआरडी ), एरिया मैनेजर कटनी आशीष रावलानी, एरिया मैनेजर सतना रोहित सिंह सहित मंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जॉघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
विपरिपाश्ट रहित
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

# जीआरपी ने दी टैक्सी चालकों को हिदायत

**जबलपुर यश भारत।** रेल यात्रियों की सुविधाओं एवं परेशानी को ध्यान में रखते हुए स्टेशन से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने वाले टैक्सी चालकों को जीआरपी द्वारा अनेक विषयों को लेकर हिदायत दी गई इस संबंध में पश्चिम मध्य रेलवे के जी आर पी सतना प्रभारी श्री त्रिपाठी द्वारा टेक्सी चालकों को एकत्र का सभी को समझाइश दी गई की वाहन चलाते समय नशे का सेवन नहीं करें नहीं करें नशे में हो कर गाड़ी चलाने पर कोई भी कभी भी घटना दुर्घटना हो सकती है तथा जब किसी यात्री को बाहर टैक्सी में ले जाते हैं तो उसके पहले उसका आधार कार्ड आईडी चेक कर ले तथा उसकी जानकारी जीआरपी सतना को दें जिस कारण से किसी टैक्सी चालक के साथ किसी बदमाश द्वारा कोई घटना दुर्घटना ना की जा सके इस मौके पर टैक्सी चालक राजेश प्रजापति धर्मेंद्र सतनामी मोहम्मद हसन संजय सतनामी राघवेंद्र सिंह विजय कुमार गुप्ता शैलेंद्र कुमार उर्फ गोलू राजेंद्र मिश्रा उमेश हरिदास विश्वकर्मा सैफ खान अशोक सोनी रोहिणी प्रसाद तिवारी आदि एकत्रित रहे।



# खेलो यूथ गेम्स की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**जबलपुर यशभारत।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जबलपुर में रोड साइक्लिंग की प्रतियोगिता कल बुधवार 8 फरवरी से प्रारम्भ होगी। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने आज खजरी खिरिया बायपास पहुँचकर प्रतियोगिता के लिये की गई तैयारियों का जायजा लिया।

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

साईं हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साईं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

CARE HOSPITAL
MULTI SPECIALITY HOSPITAL
करमेता, कटंगी रोड, जबलपुर ( म.प्र. ) फोन:0761-4700480
24x7 आकस्मिक सेवा उपलब्ध
आयुष्मान कार्डधारकों का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
विभाग
मेडिसिन विभाग, छाती रोग विभाग, जनरल सर्जरी विभाग, न्यूरो एंड स्पाईन सर्जरी विभाग, कान, नाक, गला विभाग, शिशु रोग विभाग, कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
अस्थि रोग विभाग, स्त्री रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, मूत्र एवं गुर्दा रोग विभाग, प्लास्टिक एवं बर्न सर्जरी विभाग, दंत रोग विभाग, डायलिसिस
मल्टी स्पेशलिटी
• मेडिसिन • जनरल सर्जरी • स्त्री एवं प्रसूति रोग • नाक, कान, गला • डायलिसिस
• पॉइजन यूनिट • रेडियोलॉजी विभाग • पैथोलॉजी विभाग • ट्रामा यूनिट • फेक्चर एवं अस्थि रोग
• न्यूरो सर्जरी • डिजिटल एक्स-रे • 2D ईको • सोनोग्राफी • कलर डॉप्लर

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

केला चिप्स
AK's
चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
रोस्टेड चना | रोस्टेड पी नट | नमकीन | चिक्की | ड्राई फ्रूट
जनता साईकिल के बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मोबा. 7987145201, 9993418910

# पटेल ट्रेडर्स के संचालक पर चार बाइक सवारों ने की फायरिंग

## कार क्षतिग्रस्त, हथियार लहराते हुए आरोपी फरार

### घटना सीसीटीवी फुटेज में हुई कैद, क्षेत्र में हड़कंप



**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत गंगा नगर के रानीदुर्गावति स्कूल के पहले स्थित पटैल ट्रेडर्स के संचालक की कार और दुकान में चार दो बाइकों में सवार चार नकाबपोशों ने दनादन चार हवाई फायर किए और हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। यह घटना क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस को घटना स्थल से एक जिंदा कारतूस और खोखे मिले है। पूरी वारदात के पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिले है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। धनवंतरी चौकी प्रभारी सतीश झारिया ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रानीदुर्गावति स्कूल के पहले, पटैल ट्रेडर्स की दुकान है। संचालक चेतराम पटैल और उनका बेटा अंकित पटैल इसका संचालन करते है। देर रात करीब साढे ग्यारह बजे की घटना है। संचालक खाना खा रहे थे। तभी बाहर गोलियों की आवाज आई। जब दुकान संचालक और आसपास वालों ने देखा तो बाहर खड़ी कार की नंबर प्लेट पर बुलेट लगी थी। पुलिस को कारतूस बरामद हुए है।

### बदमाशों की कुंडली हो रही तैयार

वारदात के बाद हरकत में आई पुलिस गढा और आसपास के क्षेत्र के बदमाशों की पुलिस अब कुंडली खंगाल रही है। वहीं, मिले फुटेज के आधार पर भी पुलिस आरोपियों का पता लगी है।

# माढ़ोताल में कुंडम के मजदूर ने लगाई फांसी

## दो दिन से था तनाव में, गांव में परिजनों को दी सूचना, क्षेत्र में हड़कंप



**जबलपुर, यशभारत।** माढोताल थाना अंतर्गत दीक्षित कॉलोनी में किराए के मकान में एक मजदूर युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। युवक करीब दो दिन से तनाव में था। साथी युवक ने जब आज अलसुबह युवक को फंदे पर लटका हुआ देखा तो चीख पड़ा। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लम्बू सिंग पिता रतन सिंग 19 साल ने बताया कि वह ददरगांव थाना कुंडम का निवासी है। उसके साथी खुश्बू सिंग 21 वर्ष ने फांसी लगा ली है। दोनों वर्तमान में दीक्षित कॉलोनी के निवासी है। मृतक दो दिन से तनाव में था।

### परिजनों को दी सूचना

पुलिस ने बताया कि सूचना के बाद शव कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया गया है। जिसकी सूचना युवक के परिजनों को दी गई है। जो गांव से जबलपुर पहुंच रहे है। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

# नगर निगम सड़क किनारे से शीघ्र हटाएगा बेच मैकेनिक शाप



**जबलपुर यशभारत। हाई कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में नगर निगम, जबलपुर की ओर से अभिवचन दिया गया कि अवैधानिक व अनुचित तरीके से सड़क किनारे स्थित गैरेज, मोटर मैकेनिक शाप, वर्कशाप और रिपेयर शाप को जल्द से जल्द हटा दिया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने नगर निगम के उक्त के अभिवचन को अभिलेख पर लेते हुए जनहित याचिका का पटाक्षेप कर दिया। हाई कोर्ट ने जनहित याचिकाकर्ता को इस बात की स्वतंत्रता दी है कि यदि भविष्य में इस तरह की अनुचित गतिविधियां होती हैं तो वह नगर निगम को इस संबंध में शिकायत करने स्वतंत्र होगा।**

दरअसल, नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डा. पीजी नाजपांडे ने वर्ष 2015 में जनहित याचिका दायर कर बताया था कि नगर निगम सीमा में सैकड़ों जगहों पर अवैधानिक तरीके से गैरेज, मोटर मैकेनिक शाप, वर्कशॉप और रिपेयर शाप संचालित हैं। इनमें से अधिकतर के पास लाइसेंस भी नहीं है। कई दुकानें तो स्थायी आटो मोटर शाप के सामने बना दी गई हैं, जिससे अराजकता फैलती है और ट्रैफिक जाम होता है। इस बीच नगर निगम की ओर से जवाब प्रस्तुत कर बताया गया कि करीब 90 प्रतिशत दुकानों को मैकेनिक जोन में शिफ्ट कर दिया गया है। जनहित याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने इस मामले की सुनवाई के दौरान दलील दी कि अभी भी कई जगह इस तरह की अनुचित दुकानें संचालित हैं। इस पर राज्य शासन की ओर से उपमहाधिवक्ता अमित सेठ ने भरोसा दिलाया कि जो भी गैरेज या मैकेनिक शाप बचे हैं, उन्हें अतिशीघ्र हटा दिया जाएगा।

# लगुन समारोह से लौट रहे युवकों को लोडिड वाहन ने मारी टक्कर, मौत, दूसरा घायल

## बरगी में दर्दनाक सड़क हादसा, क्षेत्र में हड़कंप





**जबलपुर यश भारत ।** बरगी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बेकाबू लोडिड वाहन चालक ने लगनु समारोह से लौट रहे बाइक सवारों को जबरदस्त टक्कर मार दी । हादसे के दौरान दोनों वाहन समेत हवा में दो फिट उछलकर, रोड के दस फिट दूर जा गिरे। जिसमें एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई तो वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। तो वहीं, घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। पुलिस ने जानकारियां देते हुए बताया कि बरगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दीया खेड़ा ग्राम का रहने वाला 22 वर्षीय महेंद्र पिता मगनलाल मरावी एवं विष्णु बाइक पर सवार होकर चूरिया ग्राम में किसी रिश्तेदार के यहां आयोजित सगाई समारोह में गए हुए थे । दोनों कार्यक्रम संपन्न कराने के बाद बाइक में सवार होकर अपने घर आ रहे थे इसी दौरान बरगी ब्रिज के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी । इस दुर्घटना में महेंद्र एवं विष्णु को गंभीर रूप से चोट आई । उक्त दुर्घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में पड़े महेंद्र को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल लेकर आई जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया वही घायल विष्णु की हालत भी काफी नाजुक बनी हुई है । पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश करने में लगी हुई है।

# पार्किंग व्यवस्था लेकिन लोगों को जानकारी नहीं, लगा रहा जाम



**जबलपुर यशभारत।** शहर के मुख्य बाजार में प्रवेश के लिए ज्यादातर ग्राहक सुपर मार्केट के रास्ते का उपयोग करते हैं। इस मार्ग पर भी बैरीकेड्स लगाया गया है। जैसे ही वाहन पहुंचते हैं उन्हें श्रीनाथ की तलैया की तरफ मोड़ दिया जाता है। नगर निगम ने इस जगह पर पार्किंग मुफ्त कर दी है, लेकिन कई वाहन चालकों को इसकी जानकारी नहीं है। एक बोर्ड तक मुख्य मार्गों पर नहीं लगाया गया है।ऐसी कई जगह हैं जहां पर पार्किंग का इंतजाम हो सकता है लेकिन व्यवस्थाएं नहीं की जा रही हैं। इसका परिणाम यह होता है कि ग्राहकों को मुख्य बाजार में खरीदी के लिए या तो पैदल जाना पड़ता है या फिर ई-रिक्शा करे। इसका असर भी यहां के आवागमन पर पड़ता है। क्योंकि अब सैकड़ों की संख्या में ई-रिक्शा बाजार में चलने लगे हैं। रिक्शा चालक भी ग्राहक को दुकान तक छोड़ने जाते हैं तो पार्किंग के लिए जगह नहीं होने के कारण वे सड़क पर ही खड़े होते हैं। ऐसे में जाम लग जाता है।

# अतिशेष प्रक्रिया को तत्काल रोक लगाने मप्र शिक्षक कांग्रेस ने कलेक्टर को शिक्षा मंत्री के नाम दिया ज्ञापन



**जबलपुर, यशभारत।** शैक्षणिक सत्र के अंतिम पड़ाव में नियम विरूद्ध युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया आपत्ति जनक है प्रक्रिया एवं विषयमान के आधार पर अतिशेष शिक्षकों के संबंध में कार्यवाही विभाग द्वारा प्रचलन में है। जिससे शिक्षकों में मानसिक प्रताड़ना व भय का माहौल बना हुआ है। यह मांग करते हुए मप्र शिक्षक कांग्रेस संघ ने कलेक्टर को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षक कांग्रेस संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि नियमानुसार दर्ज संख्या एवं विषयमान के आधार पर विद्यालयों में शिक्षक पद स्थापित हुए थे। किन्तु ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं अपना कर विभाग द्वारा शिक्षकों के स्थानांतरण किये जा रहे है। आगामी माह में सभी कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाऐं आयोजित की जानी है। शिक्षक छात्रों की शैक्षणिक कठिनाईयों को दूर करने में संलग्न है। बीच सत्र में अतिशेष शिक्षकों के स्थानांतरण किये जाने से शैक्षणिक कार्य व व्यवस्था प्रभावित होगी।

# पत्नी को हुआ लकवा तो पति ने घर से भगाया

## कहा- बीमार है, दहेज लेकर आओ



**जबलपुर, यशभारत।** रांझी थाना अंतर्गत शादी के बाद अचानक पत्नी को लकवे की बीमारी हो गई। जिसके बाद पति अब बीमारी का इलाज करवाने दहेज की मांग कर रहा है। इतना ही नहीं उसने पति को रखने से भी मना कर दिया। जिसके बाद पीड़िता रोते हुए थाने पहुंची। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 29 वर्षीय महिला निवासी मड़ई ने बताया कि उसकी शादी 7 वर्ष पहले रीति रिवाज से हुयी थी। पति एवं सास कम दहेज देने का उलाहना देकर मारते थे। लगभग 4 पूर्व से उसे लकवा हो गया है । जिसके कारण वह अस्वस्थ है। इसी कारण उसका पति बीमर रहने का ताना देता है और मारपीट कर प्रताड़ित कर रहा है । इतना ही नहीं उसकी सास भी उसे रखने से मना करती है, जिसके बाद 6 माह से अपने पिता के पास रह रही है।

# आदिवासी बच्चों में खेल प्रतिभा तलाशने का प्रयास फाइलों में दफन



**जबलपुर यशभारत।** सरकार की ओर से आदिवासी समाज के बच्चों में खेल प्रतिभा की तलाश और उन्हें तराशने के उद्देश्य से तिलहरी में भव्य क्रीड़ा परिसर बनना रहा। इस भवन का निर्माण कार्य शुरू भी हुआ, आधे से अधिक काम हो भी गया। लेकिन काम पूरा होने से पहले ही इस परिसर को अपने आधीन लेकर जनजातीय कार्य विभाग ने यहां बच्चों के एडमीशन करवा दिए। क्रीड़ा परिसर में न तो कोई बड़ा प्रशिक्षक आ पाया और न ही मूलभूत जरूरतों की पूर्ति का प्रयास किया गया। नतीजतन साल भर से भी कम समय में यह खेल परिसर बंद भी हो गया।प्रदेश सरकार के जनजातीय कार्य विभाग की ओर सितंबर 2018 में प्रदेश के छह स्थानों पर आदिवासी वर्ग के बालकों में खेल प्रतिभाएं तलाशने क्रीड़ा-परिसरों को शुरू करने की घोषणा हुई थी। ये सभी क्रीड़ा-परिसर आवासीय रहे। इन्हीं में से एक रहा तिलहरी में बना क्रीड़ा परिसर। इसके निर्माण में जनजातीय कार्य विभाग की ओर से 19 करोड़ 20 लाख 38 हजार रुपये खर्च किए गए। यहां के लिए चयनित बच्चों को खेलों में बढ़ावा देने के लिए विभिन्ना खेलों संसाधन उपलब्ध कराने की योजना रही।

### परिसर में ये होना था

यहां बच्चों के लिए भोजन और आवास की बेहतर सुविधाओं का खाका तैयार किया गया। इस परिसर में छठवीं से बारहवीं तक के 100 चयनित खेल-प्रतिभाओं का इंतजाम किया जाना था, जिन्हें एथेलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबाल, मलखंभ, फुटबाल, हैंडबाल और क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाना रहा।

### आधे-अधूरे भवन में शुरूआत

योजना के तहत क्रीड़ा-परिसर की इमारत तैयार हो गई। यहां आने-जाने के लिए रास्ते भी बना दिए गए। नवंबर 2020 में विभाग के अफसरों ने बिल्डिंग हैंडोवर करवा ली। यहां रहने के लिए बच्चों का चयन भी कर लिया गया। लेकिन वो बच्चे यहां दस महीने भी नहीं रह पाए। इस क्रीड़ा परिसर को सितंबर 2021 में बंद करने की नौबत आ गई। बताते हैं कि यहां बच्चों के खेलने के लिए मैदान ही तैयार नहीं थे, लेकिन विभाग की ओर से बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करवा दी गई थी। इसी के चलते कुछ दिनों बाद ही इस क्रीड़ा-परिसर को बंद करने की नौबत आ गई।

# विश्व कैंसर दिवस पर जागरूक कार्यक्रम का आयोजन

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के चिकित्सा विभागों द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर जागरूक कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर में चिकित्सा निदेशक के मार्गदर्शन में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में चिकित्सा निदेशक केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर डॉ.बी.सी.एस.रॉव, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जबलपुर मंडल डॉ. निर्मला गुप्ता, वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र परियानी ने प्रमुख वक्ताओं के रूप में कैंसर रोग के कारण, लक्षण, निदान एवं बचाव से संबंधित जानकारी को विस्तार पूर्वक बताया। अन्य वक्ताओं के रूप में सहायक नर्सिंग अधिकारी श्रीमति रंजना गुप्ता, सहायक फार्मेसी अधिकारी विनय अग्रवाल, मुख्य फार्मासिस्ट जयराम सिंह के द्वारा कैंसर के बचाव से संबंधित स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम करने, मदिरा सेवन से बचने तथा धूमपान निषेध अपनाने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप 10 कैंसर विजेताओं को आमंत्रित किया गया था जिन्होनें कैंसर पर विजय पाकर जीवन में अनेकानेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। इन्होने कैंसर पर विजय के प्रेरणात्मक अनुभव साझा किए। इन सभी को कैंसर रोकथाम एवं जागरूकता फैलाने हेतु सम्मानित भी किया गया।


## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती कंचन मेश्राम एवं नितिन कुमार मेश्राम द्वारा संपत्ति स्वामी मुबीन खान पिता श्री गफूर खान एवं सुरैया खान पति मुबीन खान निवासी रेल्वे कालोनी मदन महल स्टेशन जबलपुर द्वारा नियुक्त मु. आम श्रीमती पारो शर्मा पति श्री विश्वबंधु शर्मा निवासी एचआईजी 8, जेडीए कालोनी कटंगा जबलपुर से उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की संपत्ति जो कि मौजा गढ़ा, पहनं. 7, तह. गोरखपुर जिला जबलपुर में स्थित खसरा नं 153/1/15 का भाग कुल रकवा 15x45=675 वर्गफुट का प्लाट जिसमें तल मंजिल पर भवन का निर्माण है जिसे क्रय करने का अनुबंध किया है इसके उपरांत विक्रय पत्र का निष्पादन निकट भविष्य में होना तय है अतएव उपरोक्त संपत्ति के संबंध में यदि कोई व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान आदि का कोई भी भार अथवा लेन देन निकलता हो या न्यायालयीन कार्यवाही लंबित हो तो आपत्तिकर्ता दस्तावेजी साक्ष्य के साथ मेरे कार्यालय में इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के अंदर उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा समय सीमा पश्चात किसी भी प्रकार की आपतित मान्य नहीं होगी।

**मनोज मिश्रा**
**अधिवक्ता**
**मो. 9300902385**


# नागपुर हाईवे पर ब्लैक डस्ट के साथ फैल गईं गिट्टियां



**जबलपुर यशभारत।** नागपुर हाईवे को दुरूस्त करते हुए चूल्हागोलाई के पास चौड़ीकरण के साथ यहां सपाट सडक़ बनाई गई है ताकि आने और जाने वाले वाहन अपनी सडक़ से गुजर सकें। इसके लिए चूल्हागोलाई तक सडक़ के बीच में डिवाइडर बनाए गए हैं। इस जगह पर सडक़ की कॉलर भी है ताकि वाहन असंतुलित होकर किनारे की ओर न जा सके, लेकिन यहां ब्लैक डस्ट और गिट्टियां होने की वजह से वाहन असंतुलित हो रहे हैं।

### मोड़ हो गया खतरनाक

हाइवे पर चूल्हागोलाई से ढाना के पहले मोड़ खतरनाक हो गया है। इस मोड़ पर ब्लैक डस्ट और गिट्टियां हैं, जिससे हाईस्पीड वाहनों के पहिए पड़ते ही उसमें वाहन रोकने की क्षमता कम हो जाती है और मोड़ पर वाहन फिसल जाते हैं।

### डम्परों से गिरती है डस्ट और गिट्टी

जानकार कहते हैं कि नागपुर रोड पर गिट्टी के क्रेशर लगे हैं, जहां से ये डम्पर, हाईवा से शहर में सप्लाई की जाती है। इन वाहनों में क्षमता से अधिक निर्माण सामग्री भर दी जाती है, जो परिवहन के समय कॉन्क्रीट की सडक़ पर गिरती है। डस्ट वाहनों के आने-जाने से सडक़ के किनारे हो रही है और गिट्टी के सडक़ पर रहने से फिसलन पैदा हो रही है।

# हड़ताल पर बैठे व्यवसायिक प्रशिक्षकों के लंबित मानदेय का भुगतान करे सरकार : तरुण भनोत



**जबलपुर, यशभारत।** पिछले दिनों नवीन व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत जबलपुर जिले मे पदस्थ व्यवसायिक प्रशिक्षकों का एक प्रतिनिधिमण्डल विधायक भनोत से मिलने के क्रम में उन्हें अवगत कराया कि जबलपुर सहित के प्रदेश के कई जिलों मे व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत पदस्थ ठेका व्यवसायिक प्रशिक्षकों को पिछले 8 माह से संबंधित एजेंसियों द्वारा मानदेय का भुगतान नही किया जा रहा है। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने विधायक भनोत को दिया ज्ञापन मे बताया कि समय पर वेतन न मिलने के कारण प्रशिक्षकों को आर्थिक और मानसिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, और जबलपुर जिले मे ऐसे प्रशिक्षकों की संख्या लगभग 95 है तो ऐसे प्रदेश मे ऐसे पीड़ितों की संख्या हजारों मे है। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि पिछले 8 माह से वेतन न मिलने के कारण इन्हे घर तक चलाना मुश्किल हो रहा है और इन प्रशिक्षकों की स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि उन्हे अपना घर चलाने के लिए किसी से उधारी मांगने पर भी शर्मिंदगी महसूस होने लगी है। प्रदेश सरकार मे पूर्व वित्त मंत्री एवं जबलपुर पश्चिम से विधायक श्री तरुण भनोत ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को प्रेषित पत्र के माध्यम से पीड़ित प्रशिक्षकों के इस पीड़ा को व्यक्त की है। श्री भनोत ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में बताया कि व्यवसायिक प्रशिक्षकों के प्रतिनिधिमण्डल ने उन्हे यह भी अवगत कराया कि पिछले 8 माह से मानदेय न मिलने के कारण और शासन-प्रशासन की उदासीनता के कारण यह सभी प्रशिक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है और जब तक इनका लंबित मानदेय का भुगतान नही होता, तब तक वे हड़ताल पर ही रहेंग। इन व्यवसायिक प्रशिक्षकों के हड़ताल पर होने से आगामी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को रीविजन का अवसर नही मिल सकेगा और निश्चित रूप से इन छात्रों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# आलोट खाद लूट कांड के फरियादी वेयर हाउस मैनेजर ने लगाई फांसी

**रतलाम एजेंसी। चर्चित खाद लूट कांड में विधायक मनोज चावला व अन्य के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने वाला फरियादी मध्य प्रदेश विपणन संघ का गोदाम संचालक भगतराम यदु अपने आफिस में फांसी पर लटका मिला। उसके फांसी के फंदे पर लटकने का कारण पता नहीं चला है। पुलिस अधिकारी मौके पर जांच कर रहे हैं। जांच के बाद ही कारण पता चल पाएगा।**





उल्लेखनीय है कि 10 नवम्बर 2022 को सर्वर की समस्या होने से किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल पाया था। कई किसान गोदाम पर कतार लगाकर खाद मिलने के इंतजार में खड़े थे। जानकारी मिलने पर विधायक मनोज चावला, कांग्रेस नेता योगेंद्र सिंह जादोन आदि गोदाम पहुंचे थे। विधायक व गोदाम कर्मचारियों के बीच खाद वितरण को लेकर बहस हुई थी। आरोप है कि विधायक ने किसानों से खाद ले जाने का कहा था। कई किसान खाद की बोरियां ले जाने लगे थे। पुलिस ने पहुंच कर स्थिति संभाली थी। कुछ समय बाद स्टाक मिलाने पर 28 बोरियां कम पाई गई थी। इसे लेकर गोदाम संचालक 53 वर्षीय भगतराम यदु ने विधायक व अन्य के खिलाफ खाद लूट की एफआईआर कराई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उसी दिन कांग्रेस नेता जादोन को गिरफ्तार कर लिया था। दो माह बाद विधायक ने इंदौर न्यायालय में सरेंडर किया था। वहीं दी अन्य आरोपितों को पुलिस ने कुछ दिन पहले ही गिरफ्तार किया है। चारों आरोपित जेल में हैं।

गोदाम संचालक भगतराम सोमवार को ड्यूटी गया था, लेकिन रात में घर नहीं पहुंचा। मंगलवार सुबह पत्नी तलाश करते हुए उनके आफिस पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से अंदर झांका तो भगतराम फंदे पर लटका दिखा। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और दरवाजा खोलकर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया। पुलिस अधिकारी घटनास्थल की जांच कर रहे हैं। प्राथमिक तौर पर उसके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# अरुण यादव को मिला पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह का साथ

## बोले–कांग्रेस में पहले मुख्यमंत्री घोषित करने की परंपरा नहीं

**भोपाल , यश भारत।** कांग्रेस में चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरा तय नहीं होता है। चुनाव के बाद विधायक दल नेता चुनता है। यही परंपरा रही है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव की इस बात का समर्थन पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने भी किया है। उन्होंने सोमवार को भोपाल में मीडिया से चर्चा में कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। कोई ऐसा कहता भी नहीं है कि भावी मुख्यमंत्री हूं।



प्रदेश में कमल नाथ को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बताते हुए भावी मुख्यमंत्री के होर्डिंग्स समर्थकों ने कई स्थानों पर लगाए थे। इसको लेकर पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा था कि पार्टी में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की परंपरा नहीं है। चुनाव के बाद विधायक दल की बैठक होती है और वरिष्ठ नेता विचार-विमर्श कर निर्णय लेते हैं।यही बात विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने भी दोहराई। जब उनसे कमल नाथ द्वारा ग्वालियर में स्वयं को मुख्यमंत्री पद का चेहरा या दौड़ में न होने संबंधी बयान पर प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। कोई ऐसा कहता भी नहीं है कि भावी मुख्यमंत्री हूं। मैं तो यही कह सकता हूं कि भावी विधायक बनना चाहता हूं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री से प्रतिदिन वचन पत्र को लेकर प्रश्न पूछने पर उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के नेताओं को मालूम है कि 15 माह में जो होना था, वो हो चुका है। क्या भाजपा के घोषणा पत्र में खरीद-फरोख्त कर सरकार गिराने का उल्लेख था, इसका उत्तर दिया जाना चाहिए। भाजपा ने जनादेश का जो निरादर किया है, उसका जवाब जनता 2023 के चुनाव में देगी। सरकार की विकास यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 18 साल बाद जनता की याद आई है। आज युवा, किसान, महिला, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग सहित सभी परेशान है

# शराब दुकान के बाजू से बंद कराई दूध की बिक्री

## बेतुके जवाब देकर कार्रवाई को सही ठहराने में जुटे

**भोपाल, यश भारत।** यदि आबकारी विभाग के अधिकारी कहे कि शराब की बिक्री के लिए लाइसेंस लेना जरूरी है, तब तो ठीक है, क्योंकि इसके अधिक सेवन से सेहत बिगड़ती है। घरों में विवाद भी करा देती है और कई बार इसका अधिक सेवन दुर्घटनाओं का कारण बन जाता है। मौत तक हो जाती है। लेकिन यही अधिकारी कहें कि सेहत बनाने वाले दूध की बिक्री के लिए भी लाइसेंस जरूरी है तो बात खटकती है और फिर कई सवाल खड़े होते हैं। आबकारी विभाग के अधिकारियों को ऐसे ही कई सवालों ने कटघरे में खड़ा कर दिया है। दूध की दुकान बंद कराने वाले अधिकारी बेतुके जवाब देकर कार्रवाई को सही ठहराने में जुट गए हैं। बार-बार बयान बदल रहे हैं।आबकारी विभाग के एक अधिकारी कहते हैं कि कार्रवाई नही की तो दूसरे अधिकारी कहते हैं कि कार्रवाई की, क्योंकि शराब की दुकान से शराब ही बेच सकते हैं, दुकान अंदर से या नजदीक में दूध का ठेला नहीं खोल सकते हैं, लेकिन ठेकेदार ऐसा कर रहे थे इसलिए कार्रवाई करनी पड़ी।



बिजली के खंभे से गिरकर इलेक्ट्रीशियन की मौत

दरअसल जहांगीराबाद शराब दुकान के नजदीक शराब ठेकेदार संतोक सिंह ने दूध बेचने के लिए एक ठेला लगाया था, उस पर बैनर भी लगा दिया और संदेश दिया कि शराब सेहत के लिए हानिकारक है इसलिए दूध का सेवन करें। आबकारी का अमला यहां शनिवार शाम को यहां लाव-लश्कर के साथ पहुंचा और दूध की दुकान बंद करा दी। इसके पहले नर्मदापुरम रोड पर सावरकर सेतु के पास एक शराब ठेकेदार ने शराब दुकान से ही दूध की बिक्री शुरू की थी, बकायदा बैनर-पोस्टर लगाए थे।

# रतलाम में ऑटो पार्ट्स की तीन मंजिला दुकान में लगी भीषण आग

रतलाम ,एजेंसी। सैलाना रोड पर विधायक सभाग्रह के पास स्थित महाशक्ति ऑटो पार्ट्स दुकान की है। रात को दुकान बंद थी कि अचानक से उसमें आग लगी और आग की लपटें बाहर तक नजर आने लगीं। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया और नीचे से ऊपर तीन मंजिल तक फैल गईं। रतलाम शहर के सैलाना रोड स्थित एक ऑटो पार्ट्स की तीन मंजिला दुकान में सोमवार रात भीषण आग लग गई। आग से दुकान में रखा सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकीं। दुकान में आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। ऐसा माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी।जानकारी के अनुसार घटना सैलाना रोड पर विधायक सभाग्रह के पास स्थित महाशक्ति ऑटो पार्ट्स दुकान की है। रात को दुकान बंद थी कि अचानक से उसमें आग लगी और आग की लपटें बाहर तक नजर आने लगीं।

# उज्जैन में शिप्रा तट पर प्रज्जवलित किए जाएंगे 18 लाख दीपक

**उज्जैन, यश भारत।** इस महाशिवरात्रि (18 फरवरी) पर मोक्षदायिनी शिप्रा नदी किनारे 21 की बजाय 18 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। 15 लाख दीप एक साथ प्रज्ज्वलित करने का विश्व रिकार्ड बनाया जाएगा। कार्यक्रम शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव नाम से होगा, जो पूरी तरह जीरो वेस्ट होगा। इसका मतलब है कि खाली तेल की बोतलों का उपयोग गमले, कुर्सियां बनाने में, जली हुई रूई की बत्तियों का इस्तेमाल रैन बसेरों के लिए गादी बनाने में किया जाएगा। खाने-पीने के लिए केवल जैव निम्नकरणीय प्लेटों का उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह सहित कई जानी-मानी हस्तियों के शामिल होने की खबर है। शिव ज्योति अर्पण कार्यक्रम



तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने कार्यक्रम में समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों को जोड़ने, आवश्यक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश स्मार्ट सिटी कंपनी के सीईओ आशीष पाठक और एडीएम संतोष टैगोर को दिए। आशीष पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस साल महाशिवरात्रि पर 18 लाख दीप प्रज्वलित कर शिव ज्योति अर्पण कार्यक्रम किया जाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से शहर पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित होगा।

रिकार्ड बनाने की बात कही थी

शहरी लोगों के व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। अर्थ व्यवस्था बेहतर होगी। रामघाट के अलावा सार्वजनिक स्थलों, घर-घर में शहर के सभी मंदिरों, प्रतिष्ठानों में भी दीप प्रज्ज्वलित होंगे। विद्युत की साज-सज्जा की जाएगी। मालूम हो कि पिछले महीने तक शिप्रा किनारे 21 लाख दीप प्रज्जवलित कर विश्व रिकार्ड बनाने की बात कही गई थी। इसी हिसाब से तेल, दीप, बाती आदि खरीदी के लिए निविदा भी निकाली गई थी।

# सात साल की मासूम के हत्यारे को फांसी की सजा

## 120 दिनों में कोर्ट ने दिया न्याय

**इंदौर , यश भारत।** सात वर्ष की मासूम की चाकुओं से गोदकर हत्या करने वाले सद्दाम को विशेष न्यायालय ने फांसी की सजा सुनाई है। 23 सितंबर को आजाद नगर क्षेत्र में अपने घर के बाहर खेल रही मायरा उर्फ माहेनूर को आरोपित सद्दाम जबरदस्ती उठाकर खुद के घर ले गया था। घर के भीतर चाकुओं के 15 वार कर मासूम की जान ले ली थी। बमुश्किल 120 दिन में कोर्ट ने मामले में सुनवाई पूरी कर सद्दाम को दोषी करार दिया।कोर्ट ने कहा कि बच्चों के साथ नृशंसता करने वाले ऐसे अपराधी समाज के लिए सदैव खतरा बने रहेंगे। अपराधी को मौत की सजा सुनाई जाती है।



हत्यारे ने बचाव में खुद के मानसिक रोगी होने की दलील कोर्ट में पेश की थी। हालांकि, कोर्ट ने परीक्षण में उसे खारिज कर दिया।

23 गवाह भी सद्दाम के खिलाफ कोर्ट के सामने आए। इस फैसले पर मुख?यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया है। उन्?होंने लि?खा कि इंदौर के आजाद नगर थाना अंतर्गत एक बालिका के विरुद्ध घटित अपराध में माननीय न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास एवं फांसी की दोहरी सजा से बच्ची के परिवार को न्याय मिला है। मैं इस फैसले का स्वागत करता हूं।

# खेत पर पानी देने गए युवक की कुएं में डूबने से मौत

**भोपाल यशभारत।** राजधानी के ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र में स्थित गांव रासलाखेड़ी में शनिवार सुबह एक युवक की लाश कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। युवक शुक्रवार शाम खेत पर पानी लगाने का कहकर निकला था। रातभर जब वह घर नहीं लौटा तो सुबह स्वजन उसकी तलाश में खेत पर पहुंचे। वहां उसका शव कुएं में नजर आया। ईंटखेड़ी थाना पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय अरविंद पुत्र वीरेंद्र राजपूत ग्राम रासलाखेड़ी में रहता था। गांव में उसका मकान है और मकान से कुछ दूरी पर खेत है। शुक्रवार शाम को अरविंद खेत में सिंचाई करने का कहकर निकला था। शनिवार सुबह तक जब वह घर नहीं लौटा तो स्वजन ने उसे फोन लगाया। फोन पर संपर्क नहीं होने पर वे लोग खेत पर पहुंचे और उसकी तलाश की। इस दौरान खेत में बने बिना मुंडेर के कुएं में अरविंद का शव पड़ा हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मध्य प्रदेश में ठंड से दिन में राहत पर रात में ठंडक बरकरार

**भोपाल , यश भारत।** मध्य प्रदेश में ठंड से दिन में तो राहत मिली है, पर रातें सर्द बनी हुई हैं। प्रदेश में सोमवार को आठ जिलों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान उमरिया में 8.9 डिग्री रहा है।इस बीच प्रदेश के अधिकतर शहरों में दिन और रात के तापमान के बीच 18 से 23 डिग्री सेल्सियस का अंतर बना हुआ है, इसके असर से दिन में गर्माहट तो रात में ठंड का एहसास हो रहा है।



मौसम विभाग के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि अगले दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। इसके बाद ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी, लेकिन नौ व दस फरवरी से फिर कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा।

मौसम विज्ञानियों की मानें तो फरवरी में ठंड में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद उत्तर से सीधी सर्द हवाएं आ रही हैं। वातावरण में नमी भी कम हो गई।

दूसरी ओर आसमान में बादल भी नहीं हैं। दोपहर में तेज हवा भी नहीं चल रही है। इसके असर से आसमान साफ है और चटक धूप चुभ रही है। वहीं, दिन ढलते ही सर्द हवाओं के असर से रात में ठंड बढ़ जाती है।

प्रदेश के ज्यादातर शहरों में दिन में पारे में बढ़ोतरी हुई है। राजगढ़ में सोमवार को दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। खंडवा, खरगोन, रतलाम, दमोह, खजुराहो, मंडला, नौगांव, सागर, सतना, सीधी, धार, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम और उमरिया में तापमान 30 डिग्री के पार हो गया है। मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि फरवरी में अभी दिन का तापमान और बढ़ेगा।रात में ठंड की बात करें तो प्रदेश के आठ शहरों बैतूल, पचमढ़ी, रायसेन, छिंदवाड़ा, मंडला, रीवा, उमरिया व बालाघाट में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम ही चल रहा है।

# बाइक सवार मनचले ने छात्रा के साथ की छेड़खानी

**भोपाल, ईएमएस।** पिपलानी खजूरी कला इलाके में बाइक सवार मनचले ने छात्रा का पीछा कर उसके साथ छेड़खानी कर दी। बाद में पीडिता ने थाने आकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से उसकी तलाश में लगी है।पिपलानी टीआइ अजय नायर के मुताबिक इलाके में रहने वाली 20 वर्षीय युवती बीकाम की छात्रा है। वह शनिवार को शाम अपने घर से काम से निकली थी, उसी समय एक मनचला उसके पीछा करने लगा।उसने उसे रोका तो वह नहीं माना और लगतार उसका पीछा कर उसे परेशान करने लगा। बाद में युवती ने घर पर पहुंचकर पूरा घटनाक्रम स्वजनों को बताया। रविवार को थाने पहुंचकर शिकायत की, पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक पर प्राथमिकी कर ली है।

# पीएससी ने राज्यसेवा परीक्षा-2020 का परिणाम घोषित किए

**भोपाल, यशभारत।** मप्र लोकसेवा आयोग (पीएससी) ने रविवार को राज्यसेवा मुख्य परीक्षा 2020 का परीणाम जारी किया। परिणाम रात के समय जारी हुआ। पीएससी ने अप्रैल 2022 में कुल 260 पदों के लिए मुख्य परीक्षा आयोजित की थी। ओबीसी आरक्षण पर न्यायालय से अंतिम निर्णय नहीं आने के चलते पीएससी ने लंबे समय तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं किए।



### अब तीन भागों में परिणाम जारी किए गए

मुख्य सूची में पीएससी ने 698 अभ्यर्थियों को शामिल किया और अगले दौर के लिए उन्हें चयनित किया है। इसके अलावा 13-13 प्रतिशत की दो प्रावधित चयन सूचियों में कुल 265 अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है। इसमें से अनारक्षित वर्ग की प्रावधिक सूची में 139 और ओबीसी की प्रावधिक सूची में 126 अभ्यर्थियों को लिया गया है। मुख्य सूची और दोनों प्रावधिक सूची में तय पदों के मुकाबले पीएससी ने तीन गुना उम्मीदवारों को रखा गया है। जो इंटरव्यू के अगले दौर में शामिल होंगे, लेकिन उसकी तिथि अभी घोषित होना बाकी है।

### लंबे समय से अटक रही थी प्रक्रिया

पीएससी ने कुल 260 पदों के लिए राज्यसेवा 2020 घोषित की थी। प्रदेश में लागू ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका पर सुनवाई के बाद निर्णय अभी तक नहीं आ सका है। ऐसे में परिणाम की प्रक्रिया लंबे समय से अटक रही थी।

### तीन हिस्सों में बांटा रिजल्ट

पीएससी ने 260 पदों के लिए राज्यसेवा 2020 घोषित की थी। आरक्षण को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग की चिट्ठी मिलने के बाद पीएससी ने रिजल्ट को तीन हिस्सों में बांट दिया। 87 प्रतिशत पदों के लिए मुख्य चयन सूची घोषित की जा रही है।मुख्य चयन सूची में 14 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू किया जाता है। शेष 13-13 प्रतिशत पदों के मुकाबले दो प्रावधिक चयन सूचियां बनाई जाती है। इनमें एक सूची अनारक्षित वर्ग की उम्मीदवारों की और दूसरी ओबीसी वर्ग की होती है।पीएससी का कहना है कि यदि कोर्ट का अंतिम निर्णय ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण के पक्ष में होता है तो वह 13 प्रतिशत ओबीसी की चयन सूची के उम्मीदवारों को चयनित घोषित कर देगा।

# साढ़े चार करोड़ रुपये खर्च, तब भी रात में बंद और दिन में चालू रहती हैं 15 प्रतिशत स्ट्रीट लाइट्स

**भोपाल, यश भारत। देश की स्वच्छ शहरों में शुमार है भोपाल। तब भी यहां 140 से अधिक क्षेत्रों में अंधेरा रहता है क्योंकि स्ट्रीट लाइट चालू करने और कराने वाले जिम्मेदार भूल जाते हैं या जानते हुए भी चालू नहीं करते, चाहे इसके पीछे जो भी मंशा हो। इसका फायदा बदमाश उठाते हैं। नुकसान आम नागरिकों को होता है।**



रात को घर पहुंचने में दिक्कत होती है और काम पड़ जाए तो बाहर निकलने में संकोच करते हैं। कई बार तो हादसों का शिकार हो जाते हैं। कुछ नहीं तो सड़क पर बैठे मवेशियों से जाकर भिड़ जाते हैं। यह बात तो अंधेरे की हुई। कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां दिन के उजाले में स्ट्रीट लाइट जला दी जाती हैं या जलाई गई को बंद करना ही भूल जाते हैं। एक दिन नहीं, रोज ऐसा हो रहा है।

नुकसान भोपालियों को हो रहा है। तब भी जिम्मेदार अधिकारियों को असर तक नहीं पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि निगम स्ट्रीट लाइट के खर्चे में कोई कटौती कर रहा है, बल्कि पांच वर्ष में 4.52 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। यह राशि रख-रखाव के नाम पर खर्च की गई है। इससे अलग महीने में सात करोड़ रुपये बिल भरा जा रहा है। तब भी निगम के जिम्मेदार स्ट्रीट लाइट स्वत- बंद व चालू करने के लिए उपयोग में लाया जाने वाला सिस्टम नहीं अपना रहे हैं, जबकि कुछ शहर ऐसे हैं जो इस सिस्टम का उपयोग कर बिजली बिल तो बचाते ही हैं, नागरिकों को भी अंधेर में नहीं रहने देते।

# खमरिया में लंबित पदोन्नति पर जांच की मांग

### कामगार यूनियन शिकायत रक्षा मंत्रालय को करेगी




**जबलपुर यशभारत ।** आयुध निर्माणी खमरिया के लगभग 12 सौ कर्मचारियों के पदोन्नति के लंबित मामले की विभागीय जांच की मांग कामगार यूनियन द्वारा की गई है । यूनियन ने आरोप लगाया है कि प्रशासन के जानबूझकर इस मामले को उलझाने का कार्य किया है। जिस वजह से मामला न्यायालय तक गया । यूनियन ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है ।

उल्लेखनीय है कि आयुध निर्माणी प्रशासन ने तथ्यों को छिपाते हुए कैट के आदेश की गलत तरह से व्यायाख्या करते हुए कुछ कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान कर दी थी । इतना ही नहीं प्रशासन ने मनमाने ढंग से कार्य करते हुए वर्ष 2014 की वरिष्ठता सूची को भी बदल दिया ।

कामगार यूनियन ने बताया की केट ने आदेश दिया था कि बोर्ड के आदेश का अनुपालन किया जाए । लेकिन प्रशासन उच्च न्यायालय में मामला जाने का इंतजार करता रहा।इसके बाद उच्च न्यायालय ने स्थगन आदेश दिया गया । परिणाम स्वरूप खमरिया निर्माणी में लगभग 12 सौ कर्मचारियों की पदोन्नति रोक दी गई । भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव रूपेश पाठक ने इस मामले की शिकायत रक्षा मंत्रालय तक करने एवं दोषी अधिकारियों के खिलाफ जांच एवम कार्यवाही होने तक संघर्ष जारी रखने की बात कही है । कामगार यूनियन का आरोप है कि निर्माणी प्रशासन की गलती का खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है । यूनियन के राजेंद्र चडारिया ,प्रेम लाल सेन अरुण मिश्रा ,राकेश शर्मा,कृष्ण कुमार शर्मा ,विक्रम सिंह सतिन शर्मा आदि ने न्यायिक जांच की मांग की है।

# श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा निकली



पनागर, यशभारत। ग्राम लीटी उमरिया में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण की शोभायात्रा निकाली गई श्री ग्राम लीटी उमरिया में श्री मद्भागवत कथा का दिव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें व्यासपीठ पर माँ बगलामुखी उपासक अर्न्तराष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य डॉ. अर्जुन पाण्डेय



वास्तुशास्त्री जी महाराज विराजमान होकर कथा अमृत का रसास्वादन कर रहे है सोमवार को कलश यात्रा एवं कथा प्रारंभ हुई कथा का पुण्य लाभ लेने काशी प्रसाद तिवारी, राजकुमारी तिवारी,राहुल तिवारी, अक्की तिवारी, शैलेश गौतम सहित ग्राम उमरिया वासी कथा का पुण्य लाभ ले रहे है।

# श्रीधाम स्टेशन पर सुविधा बढ़ाने दिए सुझाव



**गोटेगांव, यशभारत।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जबलपुर जोन मुख्यालय का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन श्रीधाम के उन्नयन के लिए कार्य प्रस्तावित है । स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने एवं सौन्दर्यीकरण के लिए नंदलाल पाठक सदस्य रेल मंडल उपयोगकर्ता समिति द्वारा जनप्रतिनिधि एवं आमजनों से सुझाव लिए गए । बैठक में श्रीधाम स्टेशन पर शंकराचार्य जी की भव्य प्रतिमा निर्माण , प्लेटफार्म सरफेस, जबलपुर इटारसी छोर पर फेंसिंग, प्रतीक्षालय,सेकंड क्लास वेटिंग रूम फर्नीचर, दोनों प्लेटफार्म पर शेड विस्तार ,वाटर कूलर लगाने, कोच डिस्प्ले, पेयजल व्यवस्था बढ़ाने ,स्टेशन भवन का गेटअप सौन्दर्यीकरण,दिव्यांगों यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगाने, जीआर पी चौकी का निर्माण, स्टेशन मैन गेट निर्माण ,सफाई व्यवस्था ,इलेक्ट्रॉनिक समय सारणी सहित अन्य कई सुझाव जनप्रतिनिधियों एवं रेल यात्रियों द्वारा दिए गए। अब इन सभी सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए नंदलाल पाठक सदस्य रेल मंडल उपयोगकर्ता समिति रेल प्रशासन को अवगत कराएंगे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि नगर पालिका पंकज चौकसे, पार्षद जितेंद्र चौबे, ज्ञान बरडिया,सुशील नेमा,सोनल जैन,माखन चौरसिया, दीपक खरया, राकेश शर्मा,लक्ष्मीनारायण तिवारी, लंकेश जैन, के साथ ही नगर के पत्रकारों से भी सकारात्मक सुझाव मिले। बैठक में नंदलाल पाठक सदस्य रेल मंडल उपयोगकर्ता समिति ने बताया कि प्लेटफार्म पर शीघ्र ही रेल कोच डिस्प्ले लगाए जाएंगे ।

# भगवान कृष्ण के प्राकट्य उत्सव में झूमे भक्त

### ग्राम लखना हिनौता में जारी हैश्री मद्भागवत कथा

पनागर, यशभारत। श्रीरामचरितमानस में कहा गया है कि जब जब होय धरम की हानि, बढ़े असुर अधम अभिमानी तब शास्त्रों में कहा गया है कि प्रभु अपने भक्तों के वशीभूत होकर उनकी पुकार सुनकर अवतरित होते हैं।उक्त व्याख्या भगवताचार्य आचार्य ब्रजेश उपाध्याय ने पनागर के ग्राम लखना हिनौता मे श्रीमद्भागवत परायण के चौथे दिवस पर भगवान कृष्ण के अवतरण पर व्यक्त



किए। ग्रामवासी बड़े ही धूमधाम से भगवान बालकृष्ण चन्द्र के प्राकट्य उत्सव में शामिल हुए। पंडित बृजेश कृष्ण जी ने कथा के अंतर्गत भगवान श्रीराम जी का प्रसंग प्रहलाद चरित्र वामन चरित्र आदि कथाओं का आध्यात्मिक विवेचन किया। पहली पारी में आचार्य कान्हा उपाध्याय,अभिषेक तिवारी एवं संदीप पाठक के मार्गदर्शन में देवताओं का पूजन एवं व्यास पीठ पूजन किया गया।। आयोजक श्याम खंगार ठाकुर , एवं समस्त ग्राम वासी शामिल हुए।

## अरुण दुबे और जयमूर्ति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने

**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस इंडियन नेशनल डिफेंस वर्कर्स फेडरेशन ( आईएनडीडब्लूएफ ) का राष्ट्रीय अधिवेशन कानपुर में संपन्न हुआ जिसमेंअशोक सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आर श्रीनिवासन राष्ट्रीय महामंत्री चुने गए। मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए जबलपुर से जय मूर्ति मिश्रा एवं अरुण दुबे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए इसके साथ ही शहर की निर्माणियों से आनंद शर्मा एवं अमित चौबे राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं संतोष सोनी , हृदेश यादव, संतराम रजक, अमित चौहान, संतोष मिश्रा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया। श्रमिक नेता भूपेंद्र तोमर, आनंद मिश्रा , प्रवीण पटेल, राजीव रंजन , अविनाश भटकर,शेख महबूब ,राकेश जयसवाल , सिद्धार्थ ठाकुर, अनुपम भौमिक, धर्मेन्द्र रजक, मोहम्मद नसीम , मुकेश पांडे अनिल गुप्ता आदि ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# जन शिक्षा केंद्र करकबेल में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की मासिक बैठक संपन्न

**गोटेगांव, यशभारत।** जन शिक्षा केंद्र करकबेल में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की मासिक बैठक आयोजन किया गया जिसमें सभी नोडल अधिकारी एवं अक्षर साथी की उपस्थिति रही जन शिक्षक श्री प्रसन्न पटेल द्वारा अक्षर साथियों का परिचय उपरांत साक्षरता कार्यक्रम की सामान्य जानकारी से सभी को पुनः परिचित कराते हुये शिक्षक श्री आनंद नेमा ने अपने पूर्व अनुभवों को भी सभी के साथ सांझा किया गया। तत्पश्चात ब्लॉक सह समन्वयक साक्षरता श्री सतीश कुमार साहू द्वारा द्वारा सामाजिक चेतना केंद्र की संचालन पर चर्चा की गई जिसमें प्रतिदिन सामाजिक चेतना केंद्र के संचालन एवं अधिक से अधिक असाक्षर व्यक्तियों के जोड़ने पर जोर दिया गया। लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत सर्वे पूर्ण कर



असाक्षरों का पंजीयन पूर्ण करना एवं संचालित सामाजिक चेतना केंद्र के फोटो नवभारत साक्षरता ग्रुप पर प्रेषित करें। अक्षर साथियों ने भी सकारात्मक सहयोग कर इस कार्यक्रम में निशुल्क सहयोग देने हेतु आश्वस्त किया बैठक में उमरिया जन शिक्षक श्री प्रकाश राकेशिया की उपस्थिति रही संकुल सह समन्वयक ( साक्षरता ) श्री विनीत लोधी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# 4 वर्ष की परी राजेश्वरी अपने माता पिता के संग निकल पडी परिक्रमा पर



### नर्मदा भक्तों द्वारा राजेश्वरी का किया सतकार

**गोटेगांव , यशभारत।** विगत दिवस दिन सोमवार को 4 वर्षीय सुकन्या परिक्रमा की रण के दौरान नगर के स्थानीय कामथ वार्ड निवासी नर्मदा भक्त अनिल पटेल के निवास पहुंची देवी स्वरूपा कन्या राजेश्वरी की शारीरिक शक्ति की नर्मदा भक्तों द्वारा सराहना की गई जानकारों ने बताया कि मां नर्मदा जी की कृपा से 4 वर्ष की राजेश्वरी अहमदनगर शनि शिंगणापुर के राईरी व चैटगांव महाराष्ट्र की निवासी है जो अपने माता माता श्रीमती अर्चना जाधव पिता रमेश जाधव मौसी स्वरमाला शिंदे नाना रामदास गोडी नानी संता गोडी के साथ विगत 5 माह से निरंतर माई की परिक्रमा कर रही है मां नर्मदा जी के भक्त हर घाट स्थान पर उनका दर्शन स्वागत अभिनंदन कर माँ की असीम कृपा के दर्शन करते हैं इसी तारतम्य में देवी स्वरूपा कन्या का श्रीधाम गोटेगांव में शुभ आगमन हुआ जहां नर्मदा भक्त द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण कराने के पश्चात पादुका पूजन एवं चुनरी चढ़ाकर जीवन को कृतार्थ किया इस मौके पर बद्री चौकसे रघुनाथ राय हुल्कर सिंह पाटकर ,कंछैदी पटेल गुड्डू गुप्ता एवं पटेल परिवार जनों ने नन्ही नर्मदा का पूजन अर्चन श्रीफल भेंट किया और अपने अगले पड़ाव कमती इमलिया की ओर प्रस्थान किया।

# धर्मनगरी कुंडम में भागवत गीता ज्ञान यज्ञ



**कुंडम, यशभारत।** भागवत गीता ज्ञान यज्ञ में भारी भीड़ कुंडम नगर में आवास योजना दुर्गा मंच में सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम बड़े सुंदर रूप में चल रहा है जिसमें कुंडम की माताएं बहने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान की लीला का पूरा पूरा आनंद ले रही हैं जिसमें ब्रह्मकुमारी रत्ना बहन द्वारा बड़े सुंदर रूप में भगवान का वर्णन किया गया ज्ञान की गंगा बह रही है इसी बीच रत्ना बहन ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म कैसे हुआ आध्यात्मिक रूप से समझाया गया और भगवान राम और सीता के बारे में बताया गया कि जिस माता सीता को रावण ने चुराया था वह सीता कौन थी और जो भगवान के पास सीता थी वह सीता कौन थी इसके बारे में सभी को बड़े विचार पूर्वक समझाया गया इसके बाद संध्या आरती कराने के बाद सभी माताएं बहने प्रसाद लेकर घर पहुंची।

# अडानी समूह के निवेश के खिलाफ सौंपा गया ज्ञापन

**कुंडम, यशभारत।** आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डम में जीवन बीमा निगम एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नरेंद्र मोदी के दबाव में आकर खाताधारकों के खून पसीने की कमाई को अडानी समूह में निवेश कराया गया जिससे एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों एवं 45 करोड़ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाताधारकों के खून पसीने की कमाई को अडानी समूह में निवेश कराया गया जिस से



एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और निवेशकों को 33060 करोड़ का नुकसान हुआ है और भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई और अन्य भारतीय बैंको का अडानी समूह पर लगभग ?800000000 बकाया है बताया है अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपति मित्रों को फायदा पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा गया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मलिकार्जुन खरगे एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष कमल नाथ के आदेशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण के अध्यक्ष नीलेश जैन के निर्देश पर कुण्डम स्टेट बैंक का घेराव कर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें प्रभारी श्री संदीप सिंघई मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती जमुना मरावी जी,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री खिलाड़ी सिंह आर्मो जी , दुर्गा धुर्वे जी,ब्लॉक कांग्रेस कुण्डम अध्यक्ष श्री दीपेन्द्र मरकाम जी, कार्यवाहक अध्यक्ष श्री आशीष मिश्रा जी, बघराजी मंडलम अध्यक्ष श्री - सुकीर्थ त्रिपाठी जी , सोसल मीडिया ब्लॉक अध्यक्ष श्री- सचिन झारिया जी , जनपद सदस्य श्री धरम सिंह जी , श्री सुशील राय जी , विपिन जायसवाल जी , पत्रकार श्री प्रहलाद झारिया जी , मनसुख परस्ते जी, राजकुमार साहू जी , प्रहलाद साहू जी , राममिलन बरकड़े जी ,दस्सी यादव जी , श्री मुन्ना मरावी जी , अनूप सिंह जी , दीलीप झारिया जी , अभिषेक झारिया जी , अनिल झारिया , मनोज झारिया , अजय झारिया , शुभम साहू ,वैभव धुर्वे, लालजी बर्मन जी सहित सभी विंग के कार्यकर्ता एवं कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

# आत्महत्या के पूर्व का वीडियो वायरल, देवरी पुलिस सवालों के घेरे में

(**देवरीकलाँ, यशभारत।** विगत मंगलवार को पेड़ पर फांसी आत्महत्या करने वाले युवक नरेन्द्र उर्फ हल्ले की आत्महत्या के पूर्व का वीडियों मीडिया और सोशल मीडिया पर वायरल है, दावा किया जा रहा है कि उक्त वीडियों युवक ने आत्मघात से पूर्व बनाया था। वीडियों में मृतक द्वारा देवरी पुलिस पर मारपीट,प्रताड़ना सहित गंभीर आरोप लगाये गये है। वीडियों सामने आने के बाद देवरी पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है मामले को लेकर पुलिस अधिकारी बयानबाजी से बच रहे है, वही मृतक के परिजन एवं जनप्रतिनिधियों ने पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए घटना की न्यायिक जांच की मांग एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

विगत मंगलवार सुबह देवरी थाना अंतर्गत सेमराखेड़ी ग्राम के समीप फोरलाईन सड़क के किनारे एक पेड़ पर झुनकू वार्ड निवासी नरेन्द्र उर्फ हल्ले प्रजापति 26 वर्ष ने दिन दहाड़े फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में पुलिस को परिजनों एवं वार्डवासियों के प्रबल विरोध का सामना करना पड़ा था उनका आरोप था कि मृतक द्वारा पुलिस प्रताड़ना के चलते आत्महत्या की गई है। लोगो के हुजूम एवं आक्रोश के चलते प्रशासन द्वारा लगभग 4 थानों सहित जिला मुख्यालय से पुलिस बल बुलाना पड़ा था, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों के मान मनौव्वल एवं निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई के आश्वासन के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर कड़ी सुरक्षा में अंतिम संस्कार कराया गया था। मामले को लेकर 4 दिवसों की शांति के बाद रविवार सुबह मृतक की आत्महत्या का वीडियों सामने आने के बाद पुलिस विभाग एवं प्रशासन बैकफुट पर है, कई समाचार चैनलों पर प्रसारित किये गये इस वीड़ियों को मृतक की आत्महत्या के पूर्व का बताया गया है जिसमें उसके द्वारा देवरी थाना पुलिस द्वारा उसे चोरी के संदेह के चलते मारपीट किये जाने सहित नगर में हुई चोरियों के मामले में जेल भेजे जाने की बात की गई है। वीडियों में उसके द्वारा अपने एक साथी के साथ किसी के घर में जाने की गलती स्वीकार की गई है परंतु चोरी करने की बात को पूर्णतः इंकार किया गया है। उसके द्वारा अपने बच्चों को संबोधित मार्मिक बयान में आत्मघात के लिए माफी मांगते हुए आत्महत्या के लिए देवरी थाना पुलिस को जिम्मेदार बताया गया है। घटना के बाद जारी किये गये 3 अलग-अलग वीडियों की सच्चाई क्या है जांच का विषय है, वीड़ियों में कांट छांट की संभावना से इंकार भी नही किया जा सकता परंतु मामले को लेकर विभागीय अधिकारियों एवं प्रशासन की चुप्पी कई सवालों को जन्म दे रही है।

युवक की आत्महत्या मामले में कथित आत्महत्या पूर्व का वीडियों सामने आने के बाद से हड़कंप व्याप्त है, मामले को लेकर क्षेत्रीय विधायक हर्ष यादव ने पुलिस कार्यप्रणाली का गंभीर सवाल उठाये है, इस संबंध में मुख्यमंत्री को लिखे गये पत्र में उन्होने पूछा कि क्षेत्र में व्याप्त जंगल राज के लिए कौन जिम्मेदार है, रक्षक ही भक्षक क्यो बन रहे है, जिन के कंधों पर समाज की सुरक्षा की जिम्मेदारी है वो गंभीर आरोपों से क्यो घिर रहे है। उन्होने मामले को गंभीर बताते हुए घटना की न्यायिक जांच की मांग एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की, उन्होने मुख्यमंत्री से मानवीय आधार पर मुखिया की मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को आर्थिक मदद के रूप में 20 लाख रूपये एवं परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिये जाने की मांग की। पत्र में उन्होने लिखा कि देवरी विधान सभा क्षेत्र में नशे के व्यापार और अराजकता का गढ़ बन चुका है, पुलिस द्वारा अपराधों में लिप्त व्यक्तियों को खुअेआम संरक्षण प्रदान किया जा रहा है, विगत वर्षो में पुलिस एवं अन्य अधिकारियों की प्रताड़ना के चलते आत्महत्या के कई मामले सामने आ चुके है परंतु एक भी मामले में कार्रवाई न होना प्रदेश सरकार की मंशा और नैतिक रवैये को बयां करता है। वही मामले में जिला पुलिस अधीक्षक के नाम सौपे गये ज्ञापन में भाजपा के मंडल महामंत्री सुनील प्रजापति ने घटना में परिजनों के आरोप एवं वीडियों में उजागर पुलिस कर्मियों की संलिप्तता की न्यायिक जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई है।

## श्रीराम महायज्ञ का हुआ हवन भंडारे के साथ समापन

**बेलखाड़ू, यशभारत।** राम जानकी मंदिर रामबाग बेलखाडू मैं जय जय सरकार के सानिध्य में एवं ब्रह्मलीन रामनारायणा चार्य जी के परिश्रम से हर वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बसंत पंचमी 25 जनवरी से 5 फरवरी तक हुए 11 दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के समापन पर विशाल भंडारा एवं आवाहित देवी देवताओं का हवन



पूर्णाहुति एवं आवाहित देवी देवताओं का पूजन अर्चन कर विसर्जन किया गया यज्ञ में वैदिक विद्वान संतोष प्यासी मनोज उपाध्याय मुरलीधर नागायच श्रीराम बिधौलिया बादल महाराज सौरभ मिश्रा अमित नगायच आदि वैदिक विद्वानों द्वारा वैदिक विधान से हवन पूर्णहुति कराया गया यज्ञ आयोजक राम कृष्ण शास्त्री जी ने बताया की श्री राम महायज्ञ का यह 39 वां वर्ष था जिसमे आस पास के अनेकों ग्राम से पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञ में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा श्रवण की एवं यज्ञ भगवान का पूजन अर्चन कर परिक्रमा कर यज्ञ में लगे मेले मैं अपनी खरीदारी की एवं 11 दिन यज्ञ भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया

# बेलखाडू ब्लॉक कांग्रेस ने एसबीआई बैंक के सामने धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया



**बेलखाडू , यशभारत।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी के निर्देश पर आज बेलखाडू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष पटेल के नेतृत्व में आज भारतीय स्टेट बैंक कि शाखा बेलखाडू में धरना प्रदर्शन करके बैंक मैनेजर को माननीय राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में आम भारतीय खाता धारको को जोखिम में डालकर आडानी समूह को अनाधिकृत रूप से लाभ देने मोदी भाजपा सरकार की मिली भगत से लेन-देन और निवेश किया जा रहा है। हाल ही में 39 करोड पालसी धारको 33,060 करोड का नुकसान हुआ है भारतीय स्टेट बैंक का भी अडानी समूह बहुत बड़ी राशि का ऋण है लगभग 80,000 करोड रूपये बैंको का बकाया है। करोड़ों भारतीयों की गाढ़ी कमाई को ख़तरे में देखते हुये संसद भवन के लेकर पूरे देश में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 1. माननीय मुख्य न्यायधीश या फिर संसदीय समिति (जे.पी.सी) का गठन कर जांच कराई जाये । 2. भारतीय जीवन बीमा निगम एवं भारतीय स्टेट बैंक सहित समस्त बैंक खाता धारको की राशि सुरक्षित करने के लिये उचित कदम उठाया जाये। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष पटेल ,कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे , महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री विनिता यादव , पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेंद्र पटेल, पूर्व महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष संगीता सिंह, जिला सचिव राकेश नगाइच, पूर्व पाटन जनपद उपाध्यक्ष कैलाश पटेल, प्रवीण पटेल, गजराज सिंह, अमन गोस्वामी, अजीत परिहार, दिनेश पटेल, गणेश पटेल, नीलेश साहू, गया प्रसाद पटेल, नीलेश पटेल, धर्मेन्द्र तिवारी, मिलन चौधरी, शैलेंद्र ठाकुर, अशुतोष ठाकुर, सुरेश चढ़ार जनपद सदस्य, के साथ आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन गेमिंग नियामक के रूप में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी

**एजेंसी।** एक लैंडमार्क कैबिनेट सचिवालय अधिसूचना के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को 26 दिसंबर, 2022 को ऑनलाइन गेमिंग से संबंधित मामलों के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बाद में ऑनलाइन गेमिंग के नियमन के लिए मसौदा नियम प्रकाशित किए और इस बारे में लोगों से सुझाव आमंत्रित किए। विभिन्न अदालती फैसलों के साथ-साथ ऑनलाइन गेमिंग के नियमों के मसौदे को देखते हुए ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने के लिए मध्य प्रदेश की टास्क फोर्स के लिए आगे का रास्ता एकदम साफ होना चाहिए।

**मंत्रालय की नियुक्ति - क्या छत्तीसगढ़ के रास्ते पर चलेगा मध्य प्रदेश?**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मसौदा नियम सट्टेबाजी और जुए के मामलों को राज्यों पर छोड़ देते हैं, जबकि अदालतों ने फैसला सुनाया है कि ऑनलाइन कौशल-आधारित खेल सट्टेबाजी या जुआ नहीं हैं। यहां तक कि मध्यप्रदेश के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ ने भी हाल ही में ऑनलाइन जुए और सट्टेबाजी पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून पारित किया है, लेकिन न्यायिक दिशा-निर्देशों के अनुसार कौशल आधारित खेलों को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है।

इस पर लॉयर अमितांश शुक्ला का कहना है, केंद्र से दिशा स्पष्ट है - एमईआईटीवाई ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करेगा, जबकि राज्य सट्टेबाजी और जुए को विनियमित करना जारी रखेंगे। अदालतें स्पष्ट हैं - कौशल आधारित खेल सट्टेबाजी और जुए से अलग हैं। इसमें अब कोई अस्पष्टता नहीं होनी चाहिए कौशल आधारित खेलों को छोड़कर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए पर प्रतिबंध लगाकर छत्तीसगढ़ रास्ता दिखा रहा है। यह एक विवेकपूर्ण कानून है, और मध्य प्रदेश केंद्रीय शासनादेशों के साथ संरेखित करते हुए इसे अच्छे प्रभाव के लिए दोहरा सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को ऑनलाइन गेमिंग नियामक के रूप में नियुक्त करने का कदम राज्यों, प्लेटफार्मों, नीति निर्माताओं और उपयोगकर्ताओं सहित ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के कई हितधारकों द्वारा लंबे समय से की गई मांग को पूरा करता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ऑनलाइन गेमिंग से संबंधित मामलों की जिम्मेदारी वाला एक केंद्रीय मंत्रालय है, और मसौदा नियम खिलाड़ियों की सुरक्षा, केवाईसी मानदंडों, शिकायत निवारण तंत्र और स्व-नियमन के तौर-तरीकों के मामलों को ध्यान में रखते हैं। खिलाड़ियों की सुरक्षा, विकास को बढ़ावा देने और सरकारी खजाने में योगदान देने के लिए नियम बनाए गए हैं।

यह राज्य की नीति में असंगति से बचने के लिए पर्याप्त होना चाहिए, जो ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के विकास में बाधा डालता है और बड़े एवीजीसी क्षेत्र को रोकता है। पूरी संभावना है कि मध्य प्रदेश भी अपने पड़ोसी राज्यों के अनुरूप नीतियों का ही पालन करेगा।


# बरेला ब्लाक कांग्रेस ने स्टेट बैंक घेरकर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा






**बरेला, यशभारत।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर आज दोपहर 1 बजे से डाक्टर नीलेश जैन जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसानी मुहल्ला से भारतीय स्टेट बैंक का घेराव करने जलूस निकला। जहां लगभग चार घंटे धरना प्रदर्शन कर नीलेश जैन ने बताया कि कैसे अडानी समूह को भाजपा सरकार के दबाव में अनेतिक तरीके से कर्ज दिया गया। युवक कांग्रेस अध्यक्ष पारस जैन और ब्लाक अध्यक्ष अरविन्द तिवारी ने कहा कि हम व्यापारियों के खिलाफ नहीं है परन्तु नियम विरुद्ध कार्यप्रणाली के विरोधी हैं। जनपद सदस्य सतेन्द्र गर्ग ने भी गरीब जनता के साथ खड़े होकर आवाज बुलंद की। सहारा एवं बी एस एन एल की तरह संस्थान को नुकशान पर सचेत किया। धरना प्रदर्शन के पश्चात माननीय राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा जिसे तहसील श्री मति रश्मि चतुर्वेदी, एवं भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक ने लिया। आंदोलन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विवेक पटेल, नरेश पटेल, बसंत तिवारी, मुकेश पटेल, सुनील पाठक, योगेश पटेल, रामजी रैकवार,बाला महराज, विजय जैन, मुकेश गौंटिया, विपिन झारिया, अनंतराम पटेल, दिनेश सोनी, जवाहर बैरागी, भूपेंद्र यादव, रीतेश श्रीवास, अनुराग पटेल, सुरेन्द्र चौकसे, भगतसिंह ठाकुर, गोपाल झारिया, मोंटी गौर, रोहित पटेल, नारायण शंकर दुबे, राजेन्द्र पटेल, रामानुज पटेल, पंचम यादव रामकुमार नामदेव, राजीव गौतम, मुलायम भाईजान, सुमन बर्मन, रेवाराम कुशवाहा, दीपक विश्वकर्मा, मुरली पटेल,मानस दुबे, वारिस झारिया, गोविंद मरावी, तोले भाईजान,राजू पाठक, जितेन्द्र पटेल, सुरेश पटेल, इंद्रजीत लोधी, भूरा श्रीपाल, मुन्ना पटेल,लखन श्रीपाल, प्रमोद मरावी, डाक्टर नरेंद्र पटेल, जागेश्वर पटेल, कृष्ण कुमार पटेल, नीलकमल झारिया, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नागपुर में ऑस्ट्रेलिया से 15 साल बाद टेस्ट खेलेगा भारत, 2010 के बाद यहां नहीं हारे

## नागपुर में भारत के मुकाबले

| साल | खिलाफ | नतीजा |
|---|---|---|
| 2008 | ऑस्ट्रेलिया | भारत 172 रन से जीता |
| 2010 | दक्षिण अफ्रीका | दक्षिण अफ्रीका पारी और छह रन से जीता |
| 2010 | न्यूजीलैंड | भारत पारी और 198 रन से जीता |
| 2012 | इंग्लैंड | ड्रॉ |
| 2015 | दक्षिण अफ्रीका | भारत 124 रन से जीता |
| 2017 | श्रीलंका | भारत पारी और 239 रन से जीता |

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

| मैच | तारीख | जगह | समय |
|---|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 9-13 फरवरी | नागपुर | सुबह 9.30 बजे |
| दूसरा टेस्ट | 17-21 फरवरी | दिल्ली | सुबह 9.30 बजे |
| तीसरा टेस्ट | 1-5 मार्च | धर्मशाला | सुबह 9.30 बजे |
| चौथा टेस्ट | 9-13 मार्च | अहमदाबाद | सुबह 9.30 बजे |

नागपुर ईएमएस। भारतीय टीम नौ फरवरी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया की नजर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार चौथी सीरीज जीतने पर होगी। कंगारूओं के खिलाफ भारत को सीरीज में पिछली हार 2014-15 में मिली थी। उसके बाद 2017 में घरेलू मैदान पर 2-1 से जीत मिली थी। फिर 2018-19 और 2020-21 में दोनों सीरीज ऑस्ट्रेलिया की जमीन पर भारत 2-1 के अंतर से जीता था।नागपुर में टीम इंडिया नवंबर 2017 के बाद पहली बार टेस्ट मैच खेलेगी। तब उसने श्रीलंका के खिलाफ पारी और 239 रन से हराया था। टीम इंडिया इस मैदान पर 2010 के बाद से नहीं हारी है। उसे पिछली हार फरवरी 2010 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली थी। तब पारी और छह रन से हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद भारतीय टीम ने यहां न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका को हराया। इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट ड्रॉ रहा था। भारतीय टीम नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22008 के बाद पहली बार खेलेगी। पिछली बार उसे 172 रनों से जीत मिली थी। वह मैच भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के करियर का आखिरी मुकाबला था। उसी सीरीज में अनिल कुंबले ने संन्यास लिया था। वह नागपुर से पहले दिल्ली में खेले गए तीसरे टेस्ट में आखिरी बार खेले थे। नागपुर में महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी की थी। उन्होंने मैच के आखिरी समय में पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को कुछ देर के लिए कप्तानी करने का मौका दिया था। उनके इस कदम ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया था।

**टेस्ट सीरीज के पहले दो मैचों के लिए टीम इंडिया-** रोहित शर्मा (कप्तान) शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, केएल राहुल, एस भरत, ईशान किशन, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

**ऑस्ट्रेलिया की टीम-** उस्मान ख्वाजा, मैट रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड, मार्नश लाबुशेन, एश्टन एगर, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी, पीटर हैंड्सकॉम्ब, पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन, लांस मौरिस, टॉड मर्फी, मिचेल स्टार्क, मिचेल स्वीपसन।





# इंग्लैंड की यह दिग्गज बनीं मुंबई इंडियंस की हेड कोच, झूलन और देविका को भी मिली यह जिम्मेदारी

**नई दिल्ली , एजेंसी। महिला आईपीएल या विमेंस प्रीमियर लीग (ड्ब्क्क्) के पहले संस्करण के लिए सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस साल पांच टीमें इस टूर्नामेंट में खेलती दिखेंगी। इनमें मुंबई इंडियंस, गुजरात जाएंट्स, लखनऊ वॉरियर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें शामिल हैं। खिलाड़ियों को लेकर ऑक्शन 13 फरवरी को मुंबई या दिल्ली में होने की संभावना है। वहीं, सभी टीमों ने कोचिंग स्टाफ को अपनी टीम से जोड़ना शुरू कर दिया है। महिला आईपीएल की शुरुआत मार्च में हो सकती है।**

इसी कड़ी में मुंबई फ्रेंचाइजी ने इंग्लैंड की पूर्व महान खिलाड़ी चार्लोट एडवर्ड्स को हेड कोच नियुक्त किया है। एडवर्ड्स महिला इंग्लैंड टीम की कप्तान रह चुकी हैं। वहीं, पद्म श्री और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित की जा चुकीं झूलन गोस्वामी टीम मेंटर और बॉलिंग कोच के रोल में दिखेंगी। भारत की पूर्व ऑलराउंडर देविका पलशिकार को बैटिंग कोच बनाया गया है, जबकि तृपती चंदगडकर भट्टाचार्या को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है।

चार्लोट को महान महिला क्रिकेटरों में से एक माना जाता है। अपने 20 साल के करियर में उन्होंने इंग्लैंड को वनडे और टी20 विश्व कप में जीत दिलाई। पिछले पांच साल से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में अलग-अलग टीमों को कोचिंग दे रही हैं। वह कोच और खिलाड़ी के तौर पर काफी सम्मान पा चुकी हैं। वहीं, झूलन ने पिछले साल ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। 20 साल के करियर में झूलन ने 350 से भी ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं देविका को कोचिंग में काफी अनुभव है। वह 2009 से 2012 तक असम महिला टीम की कोच रह चुकी हैं। इसके अलावा 2014 से 2016 तक वह भारतीय महिला टीम की असिस्टेंट कोच भी रह चुकी हैं। 2018 में एशिया कप ट्रॉफी जीतने वाली बांग्लादेश की टीम वह असिस्टेंट कोच भी रही थीं। त्रुपती भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व मैनेजर भी रह चुकी हैं।

नीता अंबानी ने कहा- चार्लोट एडवर्ड्स, झूलन गोस्वामी और देविका पलशिकार का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। खेल में अधिक से अधिक महिलाओं को न केवल खिलाड़ियों के रूप में, बल्कि प्रशिक्षकों, प्रशासकों और सहायक कर्मचारियों के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देखना अद्भुत है। यह भारत में महिलाओं के खेल के लिए एक रोमांचक समय है। हमारी महिला एथलीटों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर लगातार देश को गौरवान्वित किया है। हम हर संभव तरीके से उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे यकीन है कि शार्लोट, झूलन और देविका के सक्षम समर्थन के साथ हमारी महिला टीम मुंबई इंडियंस के प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाएगी।मैं इस रोमांचक यात्रा पर अपने कोच और पूरी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।



# महबूब से सच्ची मोहब्बत करना सिखाती हैं ये फिल्में, इन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उठा सकते हैं लुत्फ

**मुंबई ,ईएमएस।** वक्त कटता भी नहीं, वक्त रुकता भी नहीं, दिल है सजदे में मगर, इश्क झुकता भी नहीं', शायरी की दुनिया के मशहूर शायर गुलजार साहब की यह शायरी हर उस शख्स के दिल की आवाज है, जो अपने महबूब के लिए धड़कता है। इसी मोहब्बत को वैलेंटाइन डे पर सेलिब्रेट करने की परंपरा बहुत पुरानी है। प्रेमी जोड़ों के लिए वैलेंटाइन डे किसी त्योहार से कम नहीं होता। बॉलीवुड भी इस प्यार के अहसास से अछूता नहीं है। चलिए जानते हैं बॉलीवुड की उन फिल्मों के बारे में, जो प्यार के अहसास से सराबोर हैं। इन फिल्मों को देखकर सच्ची मोहब्बत करना सीखा जा सकता है।

### मोहब्बतें

साल 2000 में आई फिल्म मोहब्बतें हर प्रेमी जोड़े को प्यार करना सिखाती है। यह फिल्म एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो अपने प्यार के गुजर जाने के बाद भी उससे बेइंतहा मोहब्बत करता है। तमाम विरोधों के बावजूद वह उसी गुरुकुल में पढ़ने वाले छात्रों को प्यार की परिभाषा सिखाता है, जहां उसकी प्रेमिका के रूढ़िवादी पिता प्रधानाचार्य होते हैं। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय, उदय चोपड़ा आदि ने मुख्य भूमिका निभाई थीं।

### मुगल-ए-आजम

साल 1960 में रिलीज हुई 'मुगल-ए-आजम' प्यार की सारी मिसालें पेश करती फिल्म है। मोहब्बत जो डरती है, वह मोहब्बत नहीं, अय्याशी है, गुनाह है। फिल्म का यह डायलॉग आज भी हर उस आशिक के दिल में है, जो अपनी महबूब से सच्चा प्यार करता है। इस फिल्म में अकबर के शहजादे सलीम और दासी अनारकली की खूबसूरत प्रेम कहानी को दिखाया गया। इस ऐतिहासिक फिल्म को बनने में कुल 16 साल लगे थे।

### मसान

साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म मसान की कहानी जातिवाद के जाल में उलझे प्यार की कहानी है। इस फिल्म में ऐसे विषय को उठाया गया, जिनसे हम नजरें नहीं चुरा सकते, लेकिन अपनी भागदौड़ की जिंदगी में अक्सर नजरअंदाज कर जाते हैं। फिल्म में एक डोम लड़के और ऊंची जाति लड़की की सच्ची, लेकिन अधूरी प्रेम कहानी को दिखाया गया। इस फिल्म में रिचा चड्ढा, विकी कौशल, संजय मिश्र, श्वेता त्रिपाठी और विनीत कुमार लीड रोल में हैं।

### रॉकस्टार

फिल्म 'रॉकस्टार' बेहद खूबसूरत लव स्टोरी है, जिसे इम्तियाज अली ने निर्देशित किया। यह फिल्म जनार्दन नाम के सीधे-सादे लड़के पर आधारित है, जो अपना दिल तुड़वाने के लिए कॉलेज की सबसे पॉपुलर लड़की हीर के पास जाता है। दोनों की प्रेम कहानी अधूरी ही रह जाती है। जनार्दन पॉपुलर सिंगर बन जाता है। बाद में जनार्दन को हीर की बीमारी अप्लास्टिक एनीमिया का पता चलता है तो दोनों कुछ आखिरी पल साथ बिताने लगते हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर ध्यान दे खिलाड़ी , आने वाले समय में कुछ ही लीग रहेंगी: गांगुली



**कोलकाता (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि आने वाले समय में कुछ ही लीग टिक पायेंगी। ऐसे में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर ही अधिक ध्यान देना चाहिये। गांगुली के अनुसार भविष्य में केवल वे ही लीग टिक पायेंगी जो आर्थिक तौर पर मजबूत हों। गांगुली का ये बयान इसलिए अहम है क्योंकि विश्व भर में टी20 लीग की बढ़ती संख्या के बीच अब खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की जगह पर फ्रेंचाइजी क्रिकेट को अधिक महत्व देने लगे हैं। बिग बैश लीग के बाद अब यूएई और दक्षिण अफ्रीका में लीग हो रही है। इसके अलावा साल के आखिर में अमेरिका में भी एक लीग की योजना है। ऐसे में खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की जगह लीग में खेल रहे है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल का स्तर गिर रहा है। गांगुली ने कहा, 'हम दुनिया भर में हो रही लीग के बारे में बात करते रहते हैं। वहीं भारतीय प्रीमियर लीग (आईपीएल) बिल्कुल अलग तरह की लीग है। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग भी अच्छा कर रही है और इसी तरह ब्रिटेन में द हंड्रेड ने अच्छा किया। दक्षिण अफ्रीका लीग भी अच्छा कर रही है। उन्होंने कहा, 'ये सभी लीग उन देशों में हो रही है जहां क्रिकेट लोकप्रिय है। मेरा मानना है कि आने वाले चार पांच साल में कुछ ही लीग बची रहेंगी और मुझे पता है कि वे कौन सी होंगी। उन्होंने कहा, 'अभी हर खिलाड़ी नयी लीग से जुड़ना चाहता है हालांकि आने वाले समय में उन्हें पता चल जाएगा कि कौन सी अहम है। ऐसे में देश के लिए खेलने को लीग क्रिकेट पर तरजीह दी जाएगी। उन्होंने क्रिकेट प्रशासन की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट इसी कारण नीचे आया है। उन्होंने कहा कि मुझे ये अनुभव बंगाल क्रिकेट ओर बीसीसीआई की जिम्मेदारी संभालने के कारण हुआ है।

# श्रीधर ने किताब में खुलास किया , कैसे अश्विन ने बनाया वार्नर को शिकार



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर ने अब खुलासा किया है कि साल 2017 सत्र के दौरान किस प्रकार आर अश्विन ने ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड बार्नर पर अंकुश लगा दिया था। श्रीधर ने कहा, हमने पुणे में पहला टेस्ट बड़े अंतर से हारे थे और बेंगलुरु में अगले मैच में 0-1 से पीछे थे। हम पहले दिन 189 रन पर आउट हो गए थे और वार्नर के साथ ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 40 रनों की अच्छी शुरूआत की थी। वॉर्नर अच्छे फॉर्म में दिख रहे थे। श्रीधर ने अपनी किताब कोचिंग बियॉन्ड्-माई डेज में लिखा है, उस शाम जब हम अपने कमरे की ओर जा रहे थे, तब अश्विन को अचानक ही स्टंप्स के ऊपर से वॉर्नर के पास जाकर उनके लेग स्टंप के बाहर रफ का फायदा उठाने का विचार आया। उस मैच में भारत 1-0 से पीछे था और चार मैचों की श्रृंखला को बराबर करने के लिए बेंगलुरु में जीत की सख्त जरूरत थी। अश्विन का वह विचार था था कि भले ही वह वॉर्नर को तत्काल आउट न कर पायें पर रन की गति को कम करने में सफल रहेंगे।' श्रीधर ने कहा, उस समय, वॉर्नर एक बहुत ही आक्राम खिलाड़ी थे। वह खेल को हमसे दूर ले जाने की कोशिश रहे थे। अश्विन चाहते थे कि किसी न किसी को निशाना बनाया जाए और वॉर्नर के पैरों पर गेंदबाजी की जाए।' यह योजन सफल रही और अगले दिन वार्नर अश्विन का शिकार बने।

# कभी पांच हजार रुपये लेकर भारत आई थीं नोरा फतेही, आज करोड़ों दिलों पर करती हैं राज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड इंडस्ट्री में टैलेंट की भरमार है। लोग इस इंडस्ट्री में अपने टैलेंट की वजह से आते हैं और अपनी पहचान बनाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी शख्सियत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में आने के लिए सात समुद्र का सफर तय किया और कड़ा संघर्ष भी किया। हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की 'दिलबर गर्ल' नोरा फतेही की, जिनके गानों ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। बर्थडे पार्टी से लेकर बड़े-बड़े फंक्शन में नोरा के गाने जरूर बजते हैं। इतनी कामयाबी हासिल करने वाली नोरा ने अपने करियर की शुरुआत जीरो से ही की थी। आज नोरा अपना जन्मदिन मना रही हैं तो आइए आपको बताते हैं 'साकी गर्ल' की जिंदगी से जुड़े कुछ दिलचस्प किस्से। दिलबर गर्ल नोरा का जन्म 6 फरवरी 1992 को कनाडा में हुआ था। नोरा डांसर के अलावा मॉडल भी हैं। उन्होंने बॉलीवुड में अपने टैलेंट और मेहनत के दम पर जगह बनाई है। अपने गानों के जरिए वह आज करोड़ों दिलों पर राज करती हैं। नोरा को फिल्मों से ज्यादा गानों में देखा गया। उन्होंने जिन भी गानों में अपने डांस मूव्स का कमाल दिखाया, वे सुपरहिट हुए। नोरा ने फिल्म च्रोर्-टाइगर ऑफ द सुंदरबनज्से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। नोरा ने फिल्म 'रोर' में कमाल का अभिनय किया था। इसके बाद उन्हें तेलुगू फिल्मों में काम करने के



ऑफर मिले। नोरा को रियलिटी शो 'बिग बॉस' के सीजन नौ में भी देखा गया, जहां उन्हें लोकप्रियता मिली। बिग बॉस शो में नोरा ने अपने गेम से दर्शकों के बीच खास जगह बनाई थी। इस शो के बाद नोरा ने रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' में हिस्सा लिया। इस मंच से नोरा ने अपना टैलेंट दुनिया को दिखाया। उनके जबरदस्त डांस मूव्स की दुनिया दीवानी हो गई। आज भले ही दुनिया नोरा को सफल अभिनेत्री के रूप में देखती है, लेकिन नोरा ने इस मुकाम पर आने के लिए काफी संघर्ष किया। नोरा जब पहली बार भारत आई, तब उनके पास सिर्फ 5000 रुपये थे। एक इंटरव्यू के दौरान नोरा ने इस बात का खुलासा किया था कि अपना पेट पालने के लिए उन्होंने कॉफी शॉप में भी नौकरी की थी। नोरा टेलीकॉलर की भी नौकरी कर चुकी हैं। करियर के शुरुआती दौर में नोरा लॉटरी टिकट बेचती थीं। बता दें कि नोरा ने अपने करियर में काफी सफलता हासिल कर ली है। नोरा के पास अब काम और पहचान की कमी नहीं है। नोरा ने जॉन अब्राहम की फिल्म 'सत्यमेव जयते' में 'दिलबर दिलबर' गाने से सभी का दिल जीता। इसके बाद वह सलमान खान के साथ फिल्म 'भारत' में नजर आईं। वहीं, नोरा जॉन की फिल्म 'बाटला हाउस' में 'साकी साकी' और , च्स्त्रीज में च्कमरियाज्पर भी अपने डांस का दम दिखा चुकी हैं।

# फिल्म माफिया के खिलाफ कंगना ने फिर उगला जहर, लंबे-चौड़े पोस्ट से दी घर में घुसकर मारने की धमकी

**मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड की क्वीन कंगना रणौत इन दिनों एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री कभी च्पठानज्तो कभी फिल्मी सितारों पर निशाना साध रही हैं। कंगना के तेवर देखकर लग रहा है, ट्विटर पर अभिनेत्री की वापसी ने उनके अंदर नई एनर्जी भर दी है। सितारों और फिल्मों के बाद आजकल कंगना ने निशाने पर फिल्म माफिया हैं। कंगना रणौत ने सोशल मीडिया के जरिए फिल्म माफिया के खिलाफ अपनी भड़ास निकालती नजर आ रही हैं। कंगना ने आज फिर अपने सोशल मीडिया पर स्टोरी साझा करते हुए धमकी दे दी है।**

अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी-जाने वाली कंगना रणौत बीते दिन से फिल्म माफिया के ऊपर अपना गुस्सा निकालती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक लंबा-चौड़ा नोट लिखकर फिल्म माफिया



को धमकी दे डाली है। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, च्जो भी लोग मेरे लिए परेशान थे उन्हें बता दूं कि बीती रात से मेरे आसपास ऐसी कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं हुई है, कोई मुझे फॉलो नहीं कर रहा न तो कैमरे के साथ और न ही बिना कैमरे के। देखो, जो भूत लातों से मानते हैं वो तो सिर्फ लातों से ही मानते हैं।

कंगना रणौत यहीं नहीं रुकीं अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वह लिखती हैं, च्ये संदेश चंगू मंगू गैंग के लिए है- बच्चो, तुम्हारा किसी देहाती से पाला नहीं पड़ा है, सुधर जाओ नहीं तो घर में घुसकर मारूंगी और जिनको लगता है कि मैं पागल हूं तुमको ये तो पता है कि मैं पागल हूं लेकिन ये नहीं पता कि कितनी बड़ी वाली हूं।ज आपको बता दें, कल कंगना रणौत ने बीते दिन अपनी इंस्टा स्टोरी पर लिखा था कि 'मैं जब भी जहां भी जाती हूं, वहां मेरा पीछा किया जाता है। सड़कों से लेकर मेरे घर की पार्किंग तक वह मेरी जासूसी करने के लिए जूम लेंस लगाते हैं। यहां सबको यह पता है कि पैपराजी बॉलीवुड सितारों के पास तभी जाते हैं, जब उन्हें इसका पैसा मिलता है, लेकिन अगर मैं या मेरी टीम उन्हें एक भी पैसा नहीं दे रही है, तो हमारी खबर रखने के लिए उन्हें कौन पैसा दे रहा है।? सुबह 6.30 बजे मेरी फोटो क्लिक की गई, मुझे नहीं पता कौन उन्हें इसकी जानकारी दे रहा है।

कंगना रणौत ने बीते दिन अपनी स्टोरी में रणबीर-आलिया पर भी निशाना साधा था। एक्ट्रेस ने अपने नोट में दावा किया है कि आलिया भट्ट और रणबीर कपूर एक ही बिल्डिंग में अलग-अलग रहते हैं। इसके अलावा भी उन्होंने कपल पर कई आरोप लगाए हैं। आपको बता दें कि आलिया ने अपनी शादी में वैसी ही साड़ी पहनी थी, जैसी कंगना ने अपने भाई के रिसेप्शन पर पहनी थी।

कंगना रणौत के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री अपनी आगामी पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म च्इमरजेंसीज् के लिए चर्चाओं में बनी हुई हैं। यह फिल्म देश की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना पर आधारित है। इस फिल्म में कंगना देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं। अभिनय के साथ ही इस फिल्म में कंगना ने निर्देशन की कमान भी संभाली है। आपको बता दें, कुछ समय पहले कंगना ने खुलासा किया था कि इस फिल्म को पूरा करने के लिए उन्हें अपना घर तक गिरवी रखना पड़ा था।

# गुजरात में करोड़ों के सट्टे के खुलासे के बाद जबलपुर में हड़कंप : दुबई से लिंक

**जबलपुर, यशभारत। गुजरात में सट्टा के करोड़ों के खुलासे के बाद शहर में हड़कंप की स्थिति है। यहां छोटे बड़े सटोरियों की लिंक भी दुबई के रास्ते संचालित होती है। जिसके बाद पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कड़ियां आपस में जोड़कर गुत्थी सुलझाने के प्रयास में है।**



डी कंपनी से जुड़े सट्टा किंग सतीस सनपाल के बैंक खुलासे के बाद पुलिस लगातार मामले का खुलासा करने में जुटी है। दुबई में बैठकर सनपाल, आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाने का काम करता था। जिसके बाद पुलिस ने पिछले साल पुलिस ने सनपाल के राइट टाउन स्थित ऑफिस में छापेमारी कार्रवाई भी की थी। सनपाल ने दुबई में बैठकर पने परिचितों के नाम पर फर्जी फर्म खोली। इन फर्मों में सनपाल बड़ी ही होशियारी से सट्टे की रकम का लेनदेन करता था। गुजरात के खुलासे के बाद पुलिस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने, सबूत की कड़ियां आपस में जोड़ रही है। क्योंकि गुजरात खुलासे के बाद सनपाल और नागपुर के सट्टा किंगों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। जिसके बाद परत दर परद गिरोह का पूरा खाका सामने आ सकता है।

### इन्होंने कहा-



गुजरात में हुए खुलासे के बाद फिलहाल गुजरात पुलिस ने मुझसे कोई संपर्क नहीं किया है। यदि मामला सामने आता है तो जांच की जाएगी।

**एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा**

## मदनमहल से युवती हो गयी गायब

## परिजन घर पहुंचे तो नहीं मिली लाड़ली क्षेत्र में हड़कंप

**जबलपुर, यशभारत।** मदनमहल थाना अंतर्गत एक 20 वर्षीय युवती अचानक घर से गायब हो गयी। परिजन जब घर पहुंचे तो लाड़ली को ना पाकर आसपास खोजबीन की। लेकिन जब कहीं भी पता नहीं चल सका तो थकहार कर थाने पहुंचे। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत घर में 20 वर्षीय युवती अकेली थी। परिजन किसी कार्य से बाहर गए हुए थे। जब घर पहुंचे तो घर खुला था और बेटी गायब थी। परिजनों ने युवती की सहेली, रिश्तेदार और आसपास रहवासियों से पता किया लेकिन किसी ने भी युवती को नहीं देखा। वहीं, मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड और शहर के प्रमुख मार्गों के सीसीटीव्ही फुटेज चेक कर रही है।



## हाई कोर्ट का राहतकारी आदेश

# विधवा व उसके पुत्रों के हक की जमीन लौटाएं

**जबलपुर यशभारत।** हाई कोर्ट ने राहतकारी आदेश के जरिये विधवा व उसके पुत्रों को उनके हक की जमीन लौटाने की व्यवस्था दी है। न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने एसडीएम सिहोरा को निर्देश दिये हैं कि 90 दिन के भीतर आवेदिका के आवेदन पर सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर देकर नियमानुसार आदेश पारित करें। एसडीएम का आदेश आने तक तहसीदार के उस आदेश पर रोक लगी रहेगी, जिसके जरिये जमीन अनावेदक के नाम कर दी गई है।याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी सरोज नामदेव, अंबर राज व शिवेन्द्र की ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जानकी प्रसाद आवेदिका के जेठ जानकी प्रसाद ने कूटरचित तरीके से याचिकाकर्ता की जमीन अपने नाम करा ली है। जानकी प्रसाद ने सरोज व उसके पुत्रों का विश्वास जीत कर कोरे कागज पर यह कहकर हस्ताक्षर करवा लिए थे कि पैत्रक जमीन का बंटवारा कर रहे हैं। तहसीलदार ने 27 फरवरी 2017 को तीन खसरों की अलग-अलग जमीन जानकी प्रसाद के नाम कर दीं जिस पर याचिकाकर्ताओं का हक था। आवेदिका ने तहसीलदार के आदेश के विरुद्ध एसडीएम के समक्ष चुनौती दी, लेकिन 25 अगस्त 2018 को उसका आवेदन निरस्त हो गया। इसके बाद 14 मई, 2019 को तत्कालीन अपर आयुक्त छोटे सिंह ने भी यह कहकर आवेदन निरस्त कर दिया कि राजीनाम के आधार पर प्रस्तुत अर्जी पर उन्हें सुनवाई का अधिकार नहीं है। मामले पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने एसडीएम व अपर आयुक्त के आदेशों को निरस्त कर दिया। हाई कोर्ट ने कहा कि तहसीलदार के आदेश पर तब तक रोक रहेगी, जब तक एसडीएम अपना आदेश नहीं सुनाते।




यश भारत परिवार को 17वें वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक शुभकामनाएं

LIFE MEDICITY
Excellence in Healthcare





डॉ. मुकेश श्रीवास्तव
मैनेजिंग डायरेक्टर लाईफ मेडिसिटी
जटिल उदर रोग एवं अत्याधुनिक सर्जरीज
वरिष्ठ सर्जन, पेट,उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ.यश श्रीवास्तव
M.S. (General Surgery)
FIAGES, FALS (ROBOTIC SURGERY)
पित्त की पथरी,पथरी,अपेंडिक्स हर्निया,पेट संबंधी रोग

डॉ. विवेक के.दिवान
M.D. Physician
मेडिसिन विभाग
सर्दी,खांसी,बुखार,थायराइड एवं डायबिटीज रोग की जांच

आधुनिक मशीनरी एवं वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम द्वारा उपचार सुविधा महाकौशल के सर्वसुविधायुक्त लाइफ मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में

विभाग
- मेडिकल गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी / सर्जिकल गेस्ट्रो एंटोलॉजी
- बेरियाट्रिक सर्जरी विभाग
- शिशु रोग विभाग (NICU,PICU,आकस्मिक चिकित्सा)
- हृदय रोग विभाग
- जनरल एवं इमरजेंसी मेडीसिन
- हड्डी रोग विभाग (ज्वाइंट रिप्लेसमेंट)
- स्त्री व प्रसूति रोग विभाग
- नेफ्रोलॉजी
- मेडीसिन विभाग
- शिशु वेक्सीनेशन (टीकाकरण) विभाग

जनरल एवं इमरजेंसी मेडीसिन
डॉ. विवेक के. दीवान — जनरल फिजीशियन
डॉ. अखिलेश तिवारी — एमडी मेडिसिन

पेट एवं उदर रोग विभाग
डॉ. यश श्रीवास्तव — लेप्रोस्कोपिक सर्जन (पेट एवं उदर रोग विशेषज्ञ)

त्वचा रोग विभाग
डॉ. आभा दीवान

शिशु रोग विभाग
डॉ. दिव्या श्रीवास्तव

हड्डी रोग विभाग
डॉ. विकास सावला — ऑर्थोपेडिक ज्वाइन्ट रिप्लेसमेंट सर्जन
डॉ. मोहसिन अंसारी — हड्डी रोग विशेषज्ञ

हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. आन्जनेय मिश्रा — जनरल फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ

फेफड़ा रोग विभाग
डॉ. ऋषिकांत अहरवाल

दंत रोग विभाग
डॉ. संयोग पाठक — मैक्सिलोफिशियल सर्जन

स्त्री व प्रसूति रोग विभाग
डॉ. मनिका दुबे — लेप्रोस्कोपिक सर्जन (स्त्री प्रसूति व नि:संतानता रोग विशेषज्ञ)

यूरो विभाग
डॉ. जी.पी. चौबे — यूरोसर्जन

नाक, कान, गला रोग विभाग
डॉ. सुशील त्रिपाठी — नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ

नेत्र रोग विभाग
डॉ. सौरभ सोनी — नेत्र रोग विशेषज्ञ

न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (मस्तिष्क रोग विभाग)
डॉ. प्रशांत कुशवाहा — न्यूरो एवं स्पाईन सर्जन

नेफ्रोलॉजी विभाग
डॉ. आनंद बेहरानी — नेफ्रोलॉजिस्ट

कैंसर रोग विभाग
डॉ. मालती भगत

एंबुलेंस सर्विस फ्री

लाइफ मेडिसिटी हॉस्पिटल आगा चौक, बल्देव बाग, जबलपुर 0761-4925150/51/52, +91-8920146989



G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

आज़ादी का अमृत महोत्सव | मध्यप्रदेश शासन

लाड़ली लक्ष्मी योजना

बेटियो, खूब पढ़ो, आगे बढ़ो


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री


शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

3 लाख 28 हजार 307 लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को ₹ 105 करोड़ 80 लाख की

छात्रवृत्ति वितरण

कक्षा 6, 9, 11 एवं 12 में अध्ययनरत बालिकाएं लाभान्वित

योजना में 44 लाख से अधिक लाड़ली लक्ष्मी बेटियां पंजीकृत

अब तक 9 लाख से अधिक बालिकाओं को ₹ 232.06 करोड़ की छात्रवृत्ति

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
करेंगे

7 फरवरी, 2023 | अपराह्न 3.00 बजे
कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल

बेटियों के सशक्तिकरण के लिये लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 आरंभ

हितग्राही बालिकाओं के लिये नि:शुल्क उच्च शिक्षा

सीधा प्रसारण | Webcast.gov.in/mp/cmevents | DDMP | @Cmmadhyapradesh @Jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP | JansamparkMP

D-11218

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)